mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-179 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
01 जुलाई 2025 मंगलवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



शास्त्री बोले ...
@ पेज 7

# उद्धव बोले-विपक्ष की वजह से हिंदी पर फैसला वापस हुआ



**मुंबई (एजेंसी)।** उद्धव ठाकरे ने सोमवार को दावा किया कि विपक्षी पार्टियों के विरोध की वजह से महाराष्ट्र सरकार ने हिंदी को अनिवार्य करने का फैसला वापस ले लिया। ठाकरे ने कहा कि सरकार फैसला वापस नहीं लेती तो भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और एनसीपी के मराठी समर्थक भी विरोध मार्च में शामिल होते। दरअसल, उद्धव और राज ठाकरे ने 5 जुलाई को मुंबई में संयुक्त विरोध रैली निकालने की बात कही थी। ठाकरे ने कहा कि मराठी एकता ने मराठी विरोधियों के सिर फोड़ दिए।

वे फिर से सिर ने उठाएं इसलिए हमें एकता बनाए रखनी चाहिए। अब 5 जुलाई को विरोध मोर्चा की जगह विजय उत्सव होगा। महाराष्ट्र सरकार ने रविवार को तीन भाषा नीति से जुड़े 16 और 17 अप्रैल के आदेश रद्द कर दिए थे।

# तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में धमाका, 12 मजदूरों की मौत और 34 जख्मी

**'गारेड्डी (एजेंसी)।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह दवा बनाने वाली फैक्ट्री की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हो गया। घटना में 12 मजदूरों की मौत हो गई, 34 लोग जख्मी हैं। हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8ऱ.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ। राज्य के श्रम मंत्री जी विवेक वेंकटस्वामी ने कहा- अबतक 4 शव बरामद हुए हैं। हमें उम्मीद है कि अब और कोई मौत नहीं होगी। एलजी वी सत्यनारायण ने बताया कि घटना के दौरान फैक्ट्री में



150 लोग थे, जहां ब्लास्ट हुआ वहां 90 लोग मौजूद थे। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ, डीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमों के साथ ही फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौजूद हैं। ब्लास्ट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। रिएक्टर में तेजी से केमिकल रिएक्शन होने से ब्लास्ट की संभावना जताई गई है। इधर, पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट के जरिए ब्लास्ट की घटना पर दुख जताया। पीएम नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की मदद की घोषणा की।

## पुरी भगदड़-एग्जिट गेट बंद कर वीआईपी एंट्री हो रही थी

**भुवनेश्व (एजेंसी)।** ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान हुई भगदड़ के समय मौजूद लोगों ने बताया- एक ही रास्ते से एंट्री और एग्जिट था। एग्जिट गेट बंद कर दिया गया था। वहीं से वीआईपी एंट्री करवाई जा रही थी। आम भक्तों के लिए कोई अलग रास्ता नहीं था। पुलिस भीड़ को संभाल नहीं पाई। इसी बीच, रथ के सामने पूजा सामग्री से लदे दो ट्रक घुस आए, जिससे कई भक्त ट्रक से टकराकर गिर पड़े। इससे ही भगदड़ मच गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हादसे के वक्त मौके पर कोई पुलिसकर्मी नहीं था। एंबुलेंस एक किमी दूर थी। घायलों को लोग हाथों पर उठा ले गए। मेरी पत्नी पानी मांगती रही। कोई सुनने वाला नहीं था। पुलिस से मदद नहीं मिली। प्रशासन की लापरवाही से मेरी पत्नी की जान गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात से ही मंदिर के पास व्यवस्था बिगड़ी हुई थी। श्रद्धालु जिस पॉलीथिन पर बैठे थे, बारिश में वह फिसलन भरी हो गई, जिससे लोग गिरते चले गए। पुरी में रविवार सुबह 4ऱ20 बजे जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान गुंडिचा मंदिर के पास भगदड़ मच गई। इसमें तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई। 50 से ज्यादा घायल हुए। हादसा जगन्नाथ मंदिर से करीब 3 किमी दूर गुंडिचा मंदिर के सामने हुआ। यहां भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष रथ के दर्शन के लिए भारी भीड़ जुटी थी।

## अमरनाथ के लिए जम्मू में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

**जम्मू (एजेंसी)।** अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी। इसके लिए सभी इंतजाम लगभग पूरे हो गए है। इस साल अब तक करीब 3.5 लाख श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। जिन श्रद्धालुओं ने अभी तक ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है, उनके लिए जम्मू में ऑफलाइन पंजीकरण सोमवार से शुरू हो गया है। एक अधिकारी ने बताया कि कल तीन नए रजिस्ट्रेशन सेंटर वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू हो जाएंगे। ये सेंटर सुबह 7 बजे खुल जाएंगे। हर सेंटर पर रोजाना सिर्फ दो हजार श्रद्धालुओं का ही रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। प्रशासन की ओर से स्पेशल रजिस्ट्रेशन सेंटर बनाए गए हैं। तीर्थयात्रियों का पहला जत्था 2 जुलाई को जम्मू के भगवतीनगर बेस कैंप से रवाना होगा। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त (38 दिन) तक पहलगाम रूट और बालटाल रूट से होगी। अनंतनाग जिले में पारंपरिक पहलगाम रूट 48 किमी लंबा है, जबकि गांदरबल जिले में बालटाल रूट की लंबाई 14 किमी है। श्रद्धालु बोले- आतंकियों का डर नहीं यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। रजिस्ट्रेशन कराने आए एक श्रद्धालु ने कहा, इस बार लोग उत्साहित हैं। पहलगाम हमले के बाद भी अब कोई डर नहीं है। व्यवस्थाएं अच्छी हैं और प्रशासन हमारे साथ है। एक अन्य श्रद्धालु ने कहा, मुझे बाबा अमरनाथ पर भरोसा है। आतंकवादी जो चाहें करें, हम पर इसका कोई असर नहीं होगा।

# 90 दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन

**भोपाल (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी टीम के जल संवर्धन और संचयन के कार्यों से जल गंगा संवर्धन अभियान को जन-आंदोलन बनते देखना सुखद अनुभूति है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश के लाखों लोगों के परिश्रम, समर्पण और आस्था से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर प्रेषित अपने संदेश में प्रदेशवासियों, विशेषत- जलदूतों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं और किसानों को शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पानी की एक-एक बूँद बचाने के लिये 90 दिन तक चले जल गंगा संवर्धन अभियान में जन-भागीदारी से हुए कार्यों को ऐतिहासिक बताते हुए प्रदेशवासियों को उनके योगदान के लिये धन्यवाद दिया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश के लाखों लोगों के परिश्रम, समर्पण और आस्था से संचालित %जल गंगा संवर्धन अभियान% के



समापन अवसर पर जारी अपने संदेश में यह बात कही। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित प्रदेशवासियों को इस सफलता के लिये बधाई भी दी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गुड़ीपड़वा से आरंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान का सोमवार को खण्डवा में समारोहपूर्वक समापन हुआ। इस दौरान वॉटर शेड सम्मेलन भी आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में 1568 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास के तहत पंचायतों में हुए 578 करोड़ लागत के 57207 कार्यों का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वॉटर-शेड विकास घटक के अंतर्गत प्रदेशभर के 888 जल संरक्षण कार्यों का लोकार्पण और खण्डवा जिले की जावर माइक्रो सिंचाई परियोजना एवं 3 अन्य सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान प्रदेश की जीर्णोद्धार की गई 74 जल संरचनाओं का लोकार्पण भी हुआ। समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भेजे गये संदेश का वाचन पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत में आदिकाल से जल की वंदना होती आई है और हमारी संस्कृति में नदियों, कुओं, तालाबों और बावडियों को पूजनीय मानकर उनके संरक्षण की परम्परा रही है।

## हिमाचल में भारी बारिश- 285 सड़कें बंद, 39 की मौत

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में रविवार से ही तेज बारिश हो रही है। लैंडस्लाइड के चलते प्रदेशभर की 285 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। मानसून के बाद से राज्य में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। बीते 24 घंटे में 3 ने जान गंवाई है। हिमाचल के मंडी-कुल्लू नेशनल हाईवे पर थलौट की भुभु जोत टनल के पास सोमवार सुबह लैंडस्लाइड हो गया। इससे टनल के अंदर 5 घंटे तक कई गाड़ियां फंसी रहीं। अलर्ट के चलते आज हिमाचल के 4 जिलों में स्कूल बंद हैं।

## तेलंगाना भाजपा विधायक टी राजा ने पार्टी छोड़ी

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने सोमवार को पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। गोशामहल विधायक टी राजा ने पूर्व एमएलसी रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बनाने की खबरों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए भाजपा की प्राथमिक सदस्यता छोड़ दी।



टी. राजा ने भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को अपना इस्तीफा भेजा है। उन्होंने लिखा कि बहुत सारे लोग चुप हैं, इसे उनकी सहमति न समझा जाए। यह लाखों कार्यकर्ताओं के लिए सदमे जैसा है। टी राजा ने केंद्री नेतृत्व से अपील की कि वे अपने फैसले पर दोबारा विचार करें।

तेलंगाना में भाजपा अध्यक्ष चुनाव के लिए आज नामांकन किया जा रहा है। रामचंदर ने समर्थकों के साथ नामांकन किया है। दूसरे किसी नेता ने अब तक नामांकन नहीं किया है। ऐसे में एक जुलाई को अध्यक्ष के तौर पर रामचंदर के नाम का ऐलान किए जाने की संभावना है।

उधर, रामचंदर के नाम पर नाराजगी जाहिर कर रहे टी राजा को 2022 में पार्टी से निलंबित किया जा चुका है। निलंबन अक्टूबर 2023 में वापस ले लिया गया था। वे तीन बार गोशामहल से विधायक चुने गए हैं। टी. राजा सिंह पर 105 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें 18 सांप्रदायिक अपराधों से जुड़े हैं।

## कोलकाता गैंगरेप की सीबीआई जांच कराने के लिए याचिका दायर

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता गैंगरेप की सीबीआई जांच के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट में सोमवार को जनहित याचिका दायर हुई। इसमें सीबीआई को मामले की प्राइमरी जांच करके कोर्ट में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। मुख्य आरोपी के राज्य की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी से जुड़े होने के चलते यह मांग की गई है। याचिका में पीड़ित को मुआवजा देने और सरकारी एजुकेशन इंस्टीट्यूट में लड़कियों की सुरक्षा के लिए सिविल वॉलेंटियर तैनात करने की भी मांग की गई है। इससे पहले दायर कुछ अन्य याचिकाओं में कोर्ट की निगरानी में मामले की जांच कराने की मांग की गई है। इस हफ्ते के आखिर में इन याचिकाओं पर सुनवाई हो सकती है। साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में 25 जून को गैंगरेप एक छात्रा से गैंगरेप हुआ था। मुख्य आरोपी यहीं का पूर्व छात्र मनोजीत मिश्रा (31) है। इसमें दो वर्तमान छात्र जैब अहमद (19), प्रमित मुखर्जी (20) और एक गार्ड पिनाकी (55) भी शामिल हैं। जांच के लिए 9 मेंबर्स की एसआईटी बनाई गई है। सदस्य बोलीं- कुछ छिपाने की कोशिश हो रही कोलकाता लॉ कॉलेज गैंगरेप केस में रविवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार ने कॉलेज का दौरा किया।

## 4 साल में 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट लॉन्च किए जाएंगे

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत अब अंतरिक्ष में अपनी सैन्य ताकत को और मजबूत करने जा रहा है। सरकार ने तय किया है कि 2029 (अगले 4 साल में) तक 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे, ये सभी सैटेलाइट अंतरिक्ष में भारत की आंख बनेंगे और पाकिस्तान-चीन बॉर्डर पर लगातार नजर रखेंगे। सैटेलाइट्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड होंगे। 36 हजार किमी. ऊंचाई पर ये आपस में कम्युनिकेट कर सकेंगे। इससे




पृथ्वी तक सिग्नल भेजने, मैसेज-तस्वीरें भेजने में आसानी होगी।यह पूरा अभियान रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के तहत चलाया जा रहा है और इसके लिए सरकार ने स्पेस-बेस्ड सर्विलांस फेज-3' योजना बनाई है।

## जम्मू-कश्मीर में एलओसी से पाकिस्तानी आतंकियों का गाइड गिरफ्तार

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में केरी सेक्टर में रविवार को नियंत्रण रेखा के पास एक बड़ी घुसपैठ को सेना ने नाकाम कर दिया। इस ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक पाकिस्तानी गाइड को पकड़ लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान 22 वर्षीय मोहम्मद आरिब अहमद के रूप में हुई है, जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के कोटली जिले के निकियाल इलाके के डेटोटे गांव का रहने वाला है। सेना के मुताबिक, पकड़ा गाइड आतंकियों की घुसपैठ में मदद कर रहा था। आतंकियों ने घने जंगल और कठिन पहाड़ी इलाके का फायदा उठाकर एलओसी पार करने की कोशिश की थी। सेना की गोलीबारी के बाद दूसरे आतंकी भाग गए। दरअसल, सेना और बीएसएफ ने खुफिया सूचना के आधार पर संयुक्त ऑपरेशन चलाया था।

केरी सेक्टर में 4 से 5 हथियार लैस आतंकियों की संदिग्ध गतिविधियों को जवानों ने ट्रैक किया और तुरंत कार्रवाई की। सर्च ऑपरेशन के दौरान सेना ने गाइड के पास से एक मोबाइल फोन, पाकिस्तानी करेंसी बरामद की है।

## भारतीय अफसर बोले-ऑपरेशन सिंदूर में हमारे विमान तबाह हुए

**जकार्ता/नई दिल्ली।** इंडोनेशिया में भारतीय दूतावास के सैन्य अफसर कैप्टन शिव कुमार (डिफेंस अटैची) के एक बयान पर विवाद हो गया है। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के शुरुआती चरण में भारतीय वायुसेना को पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों (डिफेंस एस्टैबलिशमेंट) पर हमला करने की अनुमति नहीं थी। उसे सिर्फ आतंकी ढांचे को निशाना बनाने के निर्देश थे। इसी वजह से भारत ने कुछ लड़ाकू विमान खो दिए।' कैप्टन शिव कुमार 10 जून को जकार्ता की एक यूनिवर्सिटी में 'भारत-पाक वायु युद्ध और इंडोनेशिया की सामरिक रणनीति' विषय पर सेमिनार में बोल रहे थे। इसका




वीडियो अब वायरल हो रहा है। राजनीतिक नेतृत्व द्वारा तय निर्देशों के कारण ऑपरेशन के शुरुआती चरण में भारतीय वायुसेना पाक सैन्य ठिकानों पर हमला नहीं कर सकी।

## आरएसएस महासचिव होसबाले के खिलाफ यूथ कांग्रेस की शिकायत



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** यूथ कांग्रेस ने बेंगलुरु में आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि होसबाले ने प्रस्तावना में सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्द को हटाने की बात कही है। युवा कांग्रेस लीगल सेल के चेयरमैन श्रीधर, को-चेयरमैन समृद्ध हेगड़े ने आरोप लगाया यह सिर्फ एक वैचारिक टिप्पणी नहीं है, बल्कि यह संविधान की मूल भावना को कमजोर करने का प्रयास है। श्रीधर ने पत्र में लिखा कि इस तरह के सार्वजनिक बयान लोकतांत्रिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाते हैं और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

## एमपी सरकार अपनी ही मिनिस्टर के खिलाफ जांच कराएगी

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश की आदिवासी मंत्री संपतिया उईके पर 1000 करोड़ रुपए कमीशन लेने के आरोप लगे हैं। इस पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग ने अपने ही विभाग की मंत्री के खिलाफ जांच बैठा दी है। प्रमुख अभियंता (ईएनसी) संजय अंधवान ने जांच के आदेश प्रधानमंत्री से की गई शिकायत और केंद्र की ओर से मांगी गई रिपोर्ट के बाद दिए हैं। प्रमुख अभियंता कार्यालय ने सभी



**संपतिया उइके,** PHE मंत्री



**किशोर समरीते,** शिकायतकर्ता

मुख्य अभियंता पीएचई और परियोजना निदेशक मप्र जल निगम को इस मामले में चिट्ठी लिखकर सात दिन में रिपोर्ट देने को कहा है। हालांकि जांच के आदेश को लेकर प्रमुख अभियंता संजय अंधवान कुछ भी कहने से बच रहे हैं। निर्देश में कहा गया है कि भारत सरकार ने राज्य के जल जीवन मिशन को दिए 30 हजार करोड़ के खर्च की जांच करने को कहा है। साथ ही पीएचई मंत्री संपतिया उईके और उनके लिए पैसा जमा करने वाले मंडला के कार्यपालन यंत्री की संपत्तियों की जांच के निर्देश दिए हैं। यह शिकायत पूर्व विधायक किशोर समरीते ने की है।

## राष्ट्रपति ने बरेली में 24 स्टूडेंट्स को दिए मेडल-उपाधि

**बरेली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू आज यानी सोमवार को बरेली पहुंचीं। वह आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। सुबह 9ऱ50 बजे उनका विमान त्रिशूल एयरबेस पर लैंड किया। वहां राष्ट्रपति का स्वागत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी ने किया। राष्ट्रपति ने आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं को पीएचडी की उपाधि और मेडल प्रदान किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा- बीमारी के रोकथाम में टीकाकरण की अहम भूमिका है। इसमें आवीआरआई की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा- मैं जिस परिवेश से आती हूं वो प्रकृति के निकट है। राष्ट्रपति ने कहा- 1889 में स्थापित इस संस्थान ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने वैज्ञानिकों की ओर से किए गए शोध कार्यों और इस संस्थान के नाम दर्ज अनेक पेटेंट्स, डिजाइन, कॉपीराइट्स की भी चर्चा की।

## शासकीय स्कूलों में निःशुल्क साइकिल वितरण के संबंध में दिशा-निर्देश

**भोपाल ( एजेंसी )।** स्कूल शिक्षा विभाग ने शासकीय स्कूलों में निःशुल्क साइकिल वितरण के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। दिशा-निर्देश में बताया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले विद्यार्थी, जो कि शासकीय विद्यालय में कक्षा 6वीं और 9वीं में अध्ययनरत हैं तथा वे जिस ग्राम के निवासी हैं उस ग्राम में शासकीय माध्यमिक विद्यालय-हाई स्कूल संचालित नहीं हैं वे अध्ययन के लिये किसी अन्य ग्राम या शहर के शासकीय स्कूल में जाते हैं उन छात्रों को इस योजना का लाभ कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रथम प्रवेश पर एक ही बार मिलेगा। इन कक्षाओं में पुनः प्रवेश लेने पर साइकिल की पात्रता नहीं होगी। ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे विद्यार्थी जो शासकीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में अध्ययनरत हैं उस गांव से उनके निवास की दूरी 2 किलोमीटर की दूरी से अधिक हो उन्हें ही साइकिल की पात्रता होगी। ग्रामीण क्षेत्र में कन्या छात्रावास में अध्ययनरत छात्राएं जिनके माध्यमिक शाला और हाई स्कूल छात्रावास से स्कूल की दूरी 2 किलोमीटर अधिक दूरी पर है यह साइकिलें छात्रावास को आवंटित की जायेंगी और छात्रावास में रहने वाली बालिकाएं इनका प्रयोग कर सकेंगी। छात्रावास छोड़ते समय साइकिलें छात्रावास में जमा कराना होंगी। योजना में कक्षा 6वीं के विद्यार्थियों को 18 इंच और कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों को 20 इंच की साइकिलें प्रदाय की जायेंगी। निःशुल्क साइकिल वितरण की विस्तृत जानकारी 3.0 पोर्टल पर प्रदर्शित की गई हैं। निःशुल्क साइकिल वितरण के संबंध में कक्षा 6वीं की साइकिल के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी श्री आर.के. पांडे और कक्षा 9वीं के लिये योजना अधिकारी श्री अशोक बड़गे को नोडल अधिकारी बनाया गया है। दिशा-निर्देश प्रदेश के समस्त कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला शिक्षाा अधिकारी और जिला शिक्षा केन्द्र समन्वयक को जारी किये गये हैं।

## 8 हज़ार 500 से अधिक पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश

**भोपाल ( एजेंसी )।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मध्यप्रदेश को स्वस्थ, समृद्ध और सक्षम राज्य बनाने की दिशा में हम निरंतर अग्रसर हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए संस्थागत संसाधनों के साथ-साथ मानवीय संसाधनों की उपयुक्त उपलब्धता भी अत्यंत आवश्यक है। राज्य की प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था में सुचारु सेवा का प्रदाय सुनिश्चित करने हेतु आईपीएचएस मानक अनुसार चिकित्सकीय और सहायक चिकित्सकीय स्टाफ की भर्ती, इसी संकल्प का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने समय-सीमा में पदपूर्ति की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के समस्त जिला, सिविल, सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में 168 कंप्यूटर ऑपरेटर/डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं 8493 मल्टी स्कील्ड ग्रुप डी आउटसोर्स वर्कर की भर्ती की जा रही है। यह नियुक्ति पंजीकृत आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से भंडार क्रय नियम एवं वित्तीय निर्देशों का पालन करते हुए की जाएगी। सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों व सिविल सर्जनों को समयसीमा में पदपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अवैध निर्माण तोड़े, 2 करोड़ रुपए की सरकारी जमीन मुक्त कराई

**भोपाल ( एजेंसी )।** हुजूर तहसील में सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हुई। एसडीएम विनोद सोनकिया के नेतृत्व में टीम सबसे पहले भानपुर केकडिया पहुंची। यहां सोहेल अली खान ने 2 एकड़ सरकारी जमीन पर तार फेंसिंग कर रखी थी। बुलडोजर से यह फेंसिंग तोड़ी गई। सेग्रीगेशन सेंटर पर किया गया अतिक्रमण भी हटाया गया। चांद मियां ने सरकारी जमीन पर तार फेंसिंग की थी, इसे हटाया गया।

# वर्ष 2047 में पुनः विश्वमंच पर सिरमौर बनेगा भारत : उच्च शिक्षा मंत्री परमार

**भोपाल ( एजेंसी )।** भारत के हर राज्य, हर क्षेत्र में, अपनी मातृभाषा में शिक्षा दी जाती थी और भारत की अपनी समृद्ध शिक्षा पद्धति थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 ने पुनः भारत केंद्रित शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के पुनर्निर्माण का सौभाग्यशाली अवसर दिया है। हमें भारत के दर्शन को समझना होगा और गर्व के भाव के साथ भारतीय दृष्टि से हर क्षेत्र, हर विषय में विद्यमान परम्परागत भारतीय ज्ञान को पुनः विश्वमंच पर स्थापित करना होगा। देश की गौरवशाली उपलब्धियों पर जनमानस को गर्व करने की आवश्यकता है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में, नवप्रयास सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति भोपाल के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह-2025 में सहभागिता कर कही। मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारत, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विश्वमंच पर सिरमौर था, विश्वगुरु की संज्ञा से सुशोभित था। विश्व भर के लोग हमारे यहां शिक्षा एवं स्वास्थ्य लाभ लेने आते थे।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि



विद्यार्थियों में मातृभूमि के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता का भाव जीवन पर्यंत रहना चाहिए। श्री परमार ने कहा कि स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 में भारत पुनः विश्वमंच पर सिरमौर बनेगा। भारत वर्ष 2047 तक, खाद्यान्न एवं ऊर्जा के क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भर बल्कि विश्व के अन्य देशों की पूर्ति करने में सामर्थ्यवान बनेगा। इसके लिए हम सभी की संकल्पित सहभागिता एवं पुरुषार्थ की आवश्यकता है। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने भोपाल (दक्षिण- पश्चिम) विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मेधावी विद्यार्थियों एवं उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित कर, उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई भी दीं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग के साथ-साथ, उनकी जिज्ञासाओं के समाधान के लिए विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा उनसे संवाद भी किया गया।

समारोह में भोपाल (दक्षिण- पश्चिम) विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री भगवान दास सबनानी, पद्मश्री श्री हरचंदन सिंह भट्टी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरू श्री विजय मनोहर तिवारी, शैक्षणिक सलाहकार एवं मनोवैज्ञानिक श्रीमती कला मोहन एवं ख्यातिलब्ध चिकित्सक डॉ. प्रिया भावे चित्तावर सहित विभिन्न शिक्षाविद्, विद्यार्थी, छात्र-छात्राओं के अभिभावक एवं प्रतिभाओं सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने मुझे आप सभी का हाल जानने और मदद के लिए भेजा है -मंत्री डॉ. शाह

**भोपाल ( एजेंसी )।** जनजातीय कार्य मंत्री श्री कुंवर विजय शाह देवास जिले में खिवनी अभयारण्य को अतिक्रमण मुक्त कराये जाने से प्रभावित जनजातीय परिवारों से बारिश और कीचड़ में पैदल चलकर मिलने पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों के बीच बैठकर उनके हालचाल पूछे, दुख-दर्द बांटा और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुझे आप सभी का हाल जानने और मदद के लिए यहां भेजा है। सरकार आपके साथ खड़ी है। शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आपको मिलेगा। मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि आर्थिक सहायता के रूप में चेक प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे आप पुनः अपने



आशियाने बना सकें। जनजातीय परिवार को 6 माह का अतिरिक्त राशन, 20 हजार रुपये की सहायता राशि दी मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार देवास जिले में खिवनी में अतिक्रमण मुक्त कराये गए क्षेत्र से प्रभावित जनजातीय परिवार को हरसंभव सहायता करने तथा मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए सभी प्रभावित परिवार को 6 माह की अतिरिक्त खादय् राहत सामग्री एवं सभी प्रभावित परिवार को 20 हजार रुपये की सहायता प्रदाय दी गई और उन्हें भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

## बच्चों के स्वास्थ्य सुधार राज्य स्तरीय कार्यशाला

**भोपाल ( एजेंसी )।** महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में सुपोषित मध्यप्रदेश की दिशा में बढ़ते कदम को मजबूत करने एवं प्रभावी हस्तक्षेपों की सुनियोजित कार्ययोजना तैयार करने के उद्देश्य से पोषण से परिवर्तन की ओर होटल लेक व्यू रेजिडेंसी, श्यामलाहिल्स, भोपाल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यशाला में अपर मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास श्रीमती रश्मि अरुण शमी तथा आयुक्त, महिला एवं बाल विकास श्रीमती सूफिया फारुकीवली द्वारा प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यशाला में प्रदेश के सभी संभागीय संयुक्त संचालक, जिलों के जिला कार्यक्रम अधिकारियों के साथ विषय-विशेषज्ञों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-3 (2005-2006) से सर्वे- 5 (वर्ष 2020-2021) के दौरान बच्चों के पोषण स्तर में व्यापक रूप से सुधारपरिलक्षित हुआ है। इन आंकड़ों के अनुसार कम वजन में लगभग 45त्न, दुबलापन में 46त्न एवं ठिगनापन में 29त्न तक का सुधार प्रदर्शित हो रहा है। कार्यशाला में इन्ही आंकड़ों के विश्लेषण एवं सुपोषित मध्यप्रदेश की आगामी कार्ययोजना के बारे में चर्चा की जाएगी।

बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए जिलों द्वारा स्थानीय स्तर पर नवाचार किए जा रहे हैं। कार्यशाला के दौरान इन नवाचारों, विशेष प्रयासों का प्रस्तुतीकरण भी किया जाएगा।

झाबुआ से कुपोषित बच्चों के पोषण प्रबंधन के लिये मोटीआई, देवास जिले के मिशन किलकारी अंतर्गत स्पेशल जैसे प्रयासों को प्रस्तुत किया जाएगा।

डिजिटल नवाचार - पोषण ट्रैकर ऐप और तकनीकी प्रशिक्षण

कार्यशाला में विभागीय अधिकारियों को भारत सरकार के पोषण ट्रैकर ऐप एवं राज्य स्तर से क्रियान्वित संपर्क ऐप के बारे में तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदाय किया जाएगा जिससे वे डिजिटल भारत अंतर्गत किए जा रहे तकनीकी प्रयासों को सरलता से अपना सके। प्रतिभागियों से फीडबैक लेकर आगामी कार्य योजना तैयार की जाएगी।

## किन्नरों के बीच नेक विवाद, सिंधी पंचायत ने बुलाई बैठक

**भोपाल ( एजेंसी )।** संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) में किन्नर समाज के दो गुटों के बीच नेक वसूली को लेकर चल रहा विवाद गहरा गया है। इसे सुलझाने के लिए पूज्य सिंधी पंचायत ने रविवार को विशेष बैठक बुलाई। बैठक पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी की अध्यक्षता में पंचायत कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें दोनों गुटों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में पुराने किन्नर गुट की ओर से गुरु रमो नायक ने दावा किया कि वे पिछले 30-40 वर्षों से बैरागढ़ में परंपरा अनुसार नेक वसूलते आ रहे हैं और यहां की जनता से उनका आत्मिक जुड़ाव है। रमो नायक ने आरोप लगाया कि हाल ही में सुरैया नायक गुट की ओर से जबरन बैरागढ़ में नेक ली जा रही है, जबकि उनका परंपरागत क्षेत्र मंगलवारा है।

इस पर गुरु सुरैया नायक ने कहा कि रमो गुट के किन्नर भी उनके इलाके में नेक वसूलते हैं। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान



हो रहा है। सुरैया गुट की मांग थी कि बैरागढ़ क्षेत्र को दोनों गुटों में बांट दिया जाए, लेकिन रमो गुट ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। इसी मुद्दे पर बैठक के दौरान माहौल गरमा गया। स्थिति को नियंत्रित करते हुए पूज्य सिंधी पंचायत की ओर से स्पष्ट किया कि अंतिम निर्णय या तो किन्नर समाज की आगामी बैठक में लिया जाएगा या फिर आवश्यक होने पर सिंधी पंचायत निर्णय लेगी, जिसे दोनों पक्षों को मानना होगा। अंततः यह सहमति बनी कि 15 से 20 जुलाई के बीच अनूपनगर (शहडोल) में किन्नर समाज की बैठक होने जा रही है।

## पुल बोगदा और प्रभात चौराहा बंद... मेट्रो के काम से 2 लाख आबादी हो रही परेशान

**भोपाल ( एजेंसी )।** पुराने शहर के दो लाख लोगों की राह मुश्किल में है। मेट्रो प्रोजेक्ट का काम चल रहा है और पुल बोगदा से भारत टॉकीज की तरफ चार पहिया वाहनों की एंट्री 28 मई से बंद है। प्रभात चौराहे से भी यही हाल हैं। दोपहिया और पैदल वालों के लिए थोड़ी गुंजाइश छोड़ी गई है, लेकिन डायवर्जन का कोई प्लान नहीं। हमीदिया रोड, बुधवारा, इतवारा, जहांगीराबाद और भारत टॉकीज जैसे इलाकों की जनता रोजाना जाम से जूझ रही है। स्कूल, ऑफिस और अस्पताल तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। ट्रैफिक पुलिस ने सिर्फ बैरिकेडिंग की है, कोई साइन



बोर्ड या रूट गाइड नहीं लगाया। काम की अनुमति 14 जुलाई तक मिली है। मेट्रो एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने सुभाष नगर से आरकेएमपी तक मेट्रो स्टेशन और स्कायवॉक के काम का निरीक्षण किया। ट्रैफिक पुलिस ने 14 जुलाई तक काम की अनुमति दी है, लेकिन अब तक कोई वैकल्पिक प्लान सामने नहीं आया। सवाल ये है कि आगे की तैयारी क्या है?

बोगदा, भारत टॉकीज, इतवारा, हमीदिया रोड और जहांगीराबाद जैसे इलाकों की दो लाख से ज्यादा आबादी बेहाल। स्कूल, कॉलेज, ऑफिस और अस्पताल पहुंचने में लग रहा दोगुना वक्त। पूरा ट्रैफिक अशोका गार्डन की अस्सी फीट रोड पर आ गया है, वहां भी जाम की लकीरें रोज की कहानी हैं। पुल बोगदा और प्रभात चौराहे से चार पहिया वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद, लेकिन न कोई डायवर्जन, न गाइडलाइन। पुलिस ने सिर्फ बैरिकेडिंग की, लोग अपने-आप रास्ता तलाश रहे हैं। कॉलोनियों के अंदरूनी रास्तों में भी दिनभर जाम, जिधर देखो उधर रेंगते वाहन।

## निःशुल्क अनाज वितरण में लापरवाही पर होगी सत कार्रवाई : मंत्री चौहान

**भोपाल ( एजेंसी )।** अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने कहा है कि जनजातीय अंचलों में पात्र परिवारों को निःशुल्क राशन वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कहीं भी अनियमितता या लापरवाही पाई जाती है तो जिम्मेदार कर्मचारियों और सेल्समेन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार ने गरीब और जनजातीय भाईयों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया है। राशन कार्ड धारकों को तीन माह का अग्रिम



निःशुल्क राशन जून महीने में ही वितरित करने की योजना बनाई गई है, ताकि वर्षा ऋतु में किसी भी तरह की कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस योजना पर पूरी गंभीरता से अमल कर रही है। अलीराजपुर जिले सहित प्रदेश के अन्य जनजातीय बहुल इलाकों में भी इस योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। मंत्री श्री चौहान ने जिले के जनजातीय भाईयों से भी अपील की है कि वे अपने उचित मूल्य की दुकान से जून महीने में ही तीन माह का पूरा राशन प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि हाल ही में जिले के विभिन्न गांवों से उन्हें जानकारी मिली है कि कुछ स्थानों पर हितग्राहियों को केवल दो माह का ही राशन वितरित किया जा रहा है, जबकि उन्हें तीन माह का अनाज अग्रिम रूप से दिया जाना चाहिए। इसके अलावा स्व-सहायता समूह की बहनों और सेल्समेन के द्वारा राशन वितरण कार्य में लापरवाही की शिकायतें भी सामने आई हैं। इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए मंत्री श्री चौहान ने जिला प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में अनाज की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

## पुनर्जीवित हुआ शालीवाडा शारदा का सूखा तालाब, गाँव को मिली हरियाली की सौगात

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून 2025 तक जलगंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से प्रदेशभर के जलस्रोतों को पुनर्जीवित कर जल संवर्धन को जनआंदोलन का स्वरूप दिया गया। छिंदवाड़ा जिले के विकासखण्ड परासिया के ग्राम शालीवाडा शारदा ने इसी अभियान में भागीदारी कर वह कर दिखाया, जो वर्षों से केवल एक सपना था। सूखा था जो तालाब कभी, अब वो जल से भरा हुआ है, प्रयास जो मिलकर किए थे, गाँव को हरियाली से भर दिया है।

पी.एच.ई विभाग और ग्रामवासियों के साझा प्रयासों से बदली तस्वीर- गाँव के मध्य स्थित वर्षों पुराना तालाब गंदगी, झाड़ियों और प्लास्टिक कचरे के कारण उपयोगहीन हो गया था। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के संभाग परासिया की पहल, ग्राम पंचायत के नेतृत्व और ग्रामीणों की भागीदारी ने इस तालाब की तकदीर बदल दी है।

तकनीकी टीम ने पहले तालाब का सर्वे कर आवश्यक सुधार बिंदु तय किए इसके बाद प्राकृतिक नालों की सफाई कर वर्षा जल को तालाब की ओर मोड़ा गया। तालाब की खुदाई कर उसकी गहराई और जल संग्रहण क्षमता बढ़ाई गई। ग्रामवासियों ने भी श्रमदान कर सफाई और निर्माण में पूर्ण योगदान दिया। आज वही सूखा और गंदगी से पटा तालाब पानी से लबालब है। खेतों में सिंचाई संभव हो गई है, हैंडपंप व कुएँ रीचार्ज हो चुके हैं, और भूजल स्तर में सुधार के स्पष्ट संकेत दिख रहे हैं। गाँव में हरियाली लौट आई है और किसान प्रसन्न हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान ने केवल एक तालाब को नहीं, बल्कि एक पूरे गाँव की सोच और भविष्य को बदल दिया है।

## मप्र में गायों के शरीर में लगेगी चिप

भोपाल। मध्यप्रदेश की गोशालाओं में अब गायों की हाजिरी डिजिटल तरीके से लगेगी। पशुपालन विभाग ने इस दिशा में नई तकनीक लागू करने का फैसला लिया है। इसके तहत प्रदेश की करीब 4 लाख गायों के शरीर में माइक्रो-चिप लगाई जाएगी। यह चिप इंजेक्शन की मदद से गाय के कंधे में लगाई जाएगी। यह खास मेटल से बनी होगी, जिससे जानवर को कोई नुकसान नहीं होगा। चिप में हर गाय की पूरी जानकारी दर्ज होगी-जैसे उसकी नस्ल, उम्र, गर्भधारण की स्थिति, दुधारू क्षमता और गौशाला में आने की तारीख। हर गोशाला संचालक को एक हैंडहेल्ड डिवाइस (रीडर) दिया जाएगा। इससे वे रोजाना गायों को स्कैन करेंगे। जो भी जानकारी दर्ज होगी, वह सीधे सॉफ्टवेयर में अपलोड होगी। इससे सरकार को हर दिन की रिपोर्ट मिलेगी कि कितनी गायें गोशाला में मौजूद थीं और उनकी स्थिति क्या है। अब न डेटा मिटेगा, न बदलेगा- माइक्रो-चिप से हर गाय का स्थायी रिकॉर्ड बन जाएगा। न तो इसे बदला जा सकेगा, न हटाया जा सकेगा। इससे साफ हो जाएगा कि कौन-सी गाय कब आई, कितनी बार गर्भवती हुई और वर्तमान में उसकी स्थिति क्या है।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर तथा एसपी ने किया जेल का निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने केन्द्रीय जेल रीवा का निरीक्षण किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा कलेक्टर ने विभिन्न बैरकों, नई बनाई गई बैरक, किचन तथा हैण्डलूम कक्ष का निरीक्षण किया तथा जेल के अधिकारियों को बंदियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा कलेक्टर ने महिला वार्ड, जेल अस्पताल, जेल के भण्डार कक्ष का निरीक्षण किया। जेल के अधिकारियों से बंदियों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में पूंछताछ की। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कैदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली तथा उनसे पूछा कि यदि कोई समस्या हो तो निर्भीक होकर बताएं।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि कैदियों के चिकित्सकीय एवं मानवीय आधार पर स्थानांतरण के लिए प्राप्त आवेदनों को सूचीबद्ध कर विवरण सहित रजिस्टर में दर्ज करें। उन्होंने कहा कि गंभीर रोगों के इलाज के लिए कैदियों को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भेजा जाए। निरीक्षण के दौरान जेल में कैदियों में किसी तरह का भेदभाव नहीं पाया गया। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार गठित बोर्ड आफ विजिटर्स के सदस्यों ने जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर मिश्रा, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय मिश्रा, जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सतना मेडिकल कॉलेज को सौंपा गया प्रवीण सेन का पार्थिव शरीर



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कोठी निवासी सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी 52 वर्षीय प्रवीण सेन जी का स्वर्गवास हो गया आपने जीते जी अमर ज्योति संस्था सतना के माध्यम से देहदान का संकल्प लिया हुआ था निधन उपरांत परिजनों द्वारा अमर ज्योति के संयोजक मनोहर डिगवानी को फोन के माध्यम से सूचना देने पर कमल पुरस्वानी के साथ कोठी पहुंच कर परिजनों की इच्छा को पूर्ण करते हुए अमर ज्योति ने देहदान की विधिवत प्रक्रिया को सम्पूर्ण कराते हुए सेवा संकल्प के शव वाहन से पार्थिक शरीर को सतना लाकर सतना मेडिकल कालेज को सौंपा गया ताकि मेडिकल के विद्यार्थी अध्ययन कर सकें। प्रवीण सेन जी के इस देहदान से मानव कल्याण के लिए किए गए इस पुनीत कार्य से समाज के सामने एक मिसाल एवं प्रेरणा मिलेगी एवं चिकित्सा जगत को लाभ मिलेगा साथ में छात्रो के अध्ययन में मदद मिलेगी।



उल्लेखनीय है अमर ज्योति द्वारा पिछले 12 वर्षों से नेत्रदान के साथ साथ देहदान की भी अलख जगाई है अमर ज्योति की प्रेरणा से अब तक 846 नेत्रदान एवं 2 देहदान कराये जा चुके है।

इस अवसर पर अमर ज्योति टीम से मनोहर डिगवानी,कमल पुरस्वानी अनिल झुलवानी ,रामपुर बघेलान के पूर्व विधायक राम लखन पटेल रैगाँव की पूर्व विधायक कल्पना वर्मा सहित कोठी के व्यापारी,समाजसेवी गण के साथ समस्त सेन परिवार और रिश्तेदार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं के भोजन में भ्रष्टाचार दीनदयाल ग्राम उत्थान समिति पर गंभीर आरोप




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले के त्यौंथर तहसील के सिविल अस्पताल त्यौंथर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाकघाट, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ी और रायपुर सोनौरी में गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं को भोजन व नाश्ता देने की जिम्मेदारी दीनदयाल ग्राम उत्थान समिति, नई गढ़ी को सौंपी गई है, लेकिन इन अस्पतालों में व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।

कथित तौर पर इन अस्पतालों के किचन में "अलीगढ़ का ताला" लटका है, और गर्भवती महिलाओं व प्रसूताओं को न तो भोजन मिल रहा है और न ही नाश्ता।मध्य प्रदेश सरकार के आदेशानुसार, गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं को मीनू के आधार पर पौष्टिक भोजन और नाश्ता उपलब्ध कराया जाना है, लेकिन स्थानीय मरीजों और प्रसूताओं का कहना है कि उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल रही। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि दीनदयाल ग्राम उत्थान समिति का संचालक एक "पावरफुल व्यक्ति" है, जो भोजन और नाश्ते की व्यवस्था नहीं करता। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, समिति का एक दलाल मासिक आधार पर अस्पतालों में आता है, बीएमओ और प्रभारी डॉक्टरों से मिलकर भुगतान की प्रक्रिया पूरी करता है और चला जाता है।



**कागजों पर भोजन, हकीकत में भूखः** मरीजों का कहना है कि अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद उन्हें भोजन या नाश्ता नहीं मिलता। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है, जब यह भ्रष्टाचार मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के गृह जिले रीवा में हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि स्वास्थ्य विभाग में इस तरह की अनियमितताएं स्वास्थ्य मंत्री के जिले में हैं, तो प्रदेश के अन्य हिस्सों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। बीएमओ बदले, पर व्यवस्था जस की तस

त्यौंथर, चाकघाट, गढ़ी और रायपुर सोनौरी के अस्पतालों में बीएमओ बदलने के बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। मरीजों को कागजों पर भोजन और नाश्ता दिखाया जा रहा है, लेकिन वास्तव में सुविधाएं नदारद हैं। रीवा जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित इन अस्पतालों की बदहाल स्थिति मरीजों, खासकर गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं के लिए गंभीर चिंता का विषय है। जांच की मांग, कार्रवाई का इंतजार

स्थानीय लोगों और मरीजों ने इस भ्रष्टाचार की जांच की मांग की है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी इस अनियमितता में शामिल हैं। गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं के भोजन में डाका डालने वालों पर कार्रवाई कब होगी, यह समय बताएगा। फिलहाल, यह स्थिति मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग और जनहित के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है।

**स्वास्थ्य विभाग से जवाब का इंतजारः** इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कोई आधिकारिक बयान नहीं मिला है। गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं के हक पर डाका डालने वाली इस व्यवस्था को सुधारने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल कदम उठाने की जरूरत है, ताकि मरीजों को उनका हक मिल सके और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित हो।

## पर्यावरण संरक्षण के लिये वन स्टाप सेंटर में किया गया वृक्षारोपण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** वन स्टॉप सेंटर में प्रकृति संरक्षण के प्रति समर्पित विश्व पर्यावरण के अवसर पर वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयुक्त संचालक श्रीमती शशि श्याम उइके एवं संचालनालय भोपाल के प्रतिनिधि हरिकृष्ण शर्मा एवं संतोष सिंह के मुख्य आतिथ्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह के मार्गदर्शन में पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान अंतर्गत विभिन्न 50 फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान सहायक संचालक आशीष द्विवेदी, परियोजना अधिकारी जीवेन्द्र सिंह, प्रशासक श्रीमती सुमन नामदेव एवं अलका थापर सहित कार्यालय के कर्मचारी क्षितिज तिवारी, रेखा चतुर्वेदी, सलमा खान ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उनकी सुरक्षा के लिए भी संकल्प लिया।

## वृक्षारोपण महाअभियान आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** लोक निर्माण विभाग द्वारा एक जुलाई को वृक्षारोपण महाअभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण किया जायेगा। वृक्षारोपण महाअभियान में विभाग द्वारा सड़क के किनारे, विश्राम गृह एवं भवन परिसर की रिक्त भूमि में एक लाख पौधे रोपे जायेंगे।

# सरभंगा को कंजर्वेशन रिजर्व बनाने पर सहमति, जनता की जीत और वन्यजीव संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्य प्रदेश के सतना जिले के सरभंगा क्षेत्र को कंजर्वेशन रिजर्व घोषित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। हाल ही में सतना डीएफओ और एपीसीसीएफ श्री एल. कृष्णमूर्ति की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिली है। इस निर्णय को चित्रकूट विधानसभा के कांग्रेस नेता और मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष द्विवेदी ने जनता की जीत और शासन-प्रशासन का सराहनीय कदम करार दिया है। संरक्षण और विकास का संतुलन

इस बैठक में सांसद गणेश सिंह, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार और अन्य जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।



बैठक में सरभंगा के प्राकृतिक सौंदर्य, जैव-विविधता और वन्यजीव संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा हुई। सरभंगा को कंजर्वेशन रिजर्व बनाने से न केवल वन्यजीवों और उनके आवासों का संरक्षण होगा, बल्कि यह राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों के बीच बफर जोन और माइग्रेशन कॉरिडोर के रूप में भी कार्य करेगा। इससे टाइगरों सहित अन्य वन्यजीवों को सुरक्षित आवाजाही का अवसर मिलेगा। साथ ही, यह निर्णय सरभंगा और परसमनिया क्षेत्र में वाइल्डलाइफ टूरिज्म को बढ़ावा देगा, जिससे स्थानीय समुदाय को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आशुतोष द्विवेदी का संघर्ष और जन-जागरूकता अभियान

आशुतोष द्विवेदी ने इस उपलब्धि को जनता की जीत बताया और कहा, "मीडिया और जनता के सहयोग के बिना इतनी बड़ी लड़ाई संभव नहीं थी। यह निर्णय क्षेत्र के विकास और वन्यजीव संरक्षण के लिए मील का पत्थर साबित होगा।" पिछले कई महीनों से सरभंगा को कंजर्वेशन रिजर्व बनाने की मांग को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। 10 मार्च सतना डीएफओ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

9 अप्रैल गांव-गांव में चौपालों का आयोजन कर जन-जागरूकता फैलाई गई।

15 अप्रैल घर-घर जाकर जागरूकता पर्चे बांटे गए।

18 अप्रैल वरिष्ठ पत्रकारों के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर प्राकृतिक सौंदर्य को उजागर किया गया।

28 अप्रैल सतना जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

5-12 जून श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन और सूरज कुंड से सरभंग मुनि आश्रम तक कलश यात्रा व भंडारे का आयोजन किया गया।

**सनातनियों के लिए गर्व का क्षणः** बरौंधा के बड़े देव बाबा आश्रम के महंत और भागवत भास्कर आचार्य डॉ. विपिन कृष्ण जी महाराज ने इस निर्णय को सनातनियों के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा, "महान ऋषि सरभंग जी के नाम पर कंजर्वेशन रिजर्व की सहमति सच्चे सनातनी होने का परिचय देती है।" उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव, सांसद गणेश सिंह, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार और शासन-प्रशासन के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें शुभ आशीर्वाद दिया। भविष्य की संभावनाएं

सरभंगा और परसमनिया को कंजर्वेशन रिजर्व बनाने का यह निर्णय क्षेत्र की जैव-विविधता को संरक्षित करने के साथ-साथ आर्थिक विकास को गति देगा। वाइल्डलाइफ टूरिज्म से स्थानीय समुदाय को रोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्र की प्राकृतिक व सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण होगा। यह कंजर्वेशन रिजर्व टाइगरों और अन्य वन्यजीवों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल बनेगा, जो उनके संरक्षण और प्राकृतिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। सतना के लिए गौरव का क्षण

यह निर्णय न केवल सरभंगा क्षेत्र के लिए, बल्कि पूरे सतना जिले के लिए गौरव का क्षण है। स्थानीय समुदाय, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के सामूहिक प्रयासों ने इस ऐतिहासिक कदम को संभव बनाया है, जो संरक्षण और विकास के बीच संतुलन स्थापित करने का एक अनूठा उदाहरण है।

## वाहन पार्किंग व्यवस्था के लिए ऑनलाइन प्रस्ताव आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट परिसर में वाहन पार्किंग व्यवस्था के लिए निविदा की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि पार्किंग व्यवस्था के लिए ऑनलाइन आवेदन 5 जुलाई को सुबह 9 बजे से 17 जुलाई को दोपहर 3 बजे तक एमपी टेण्डर पोर्टल पर दर्ज किए जा सकते हैं। कलेक्टर कार्यालय से आवेदन पत्र की राशि एक हजार रुपए जमा कराकर 3 जुलाई से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति राशि 25 हजार रुपए जमा करना आवश्यक होगा। पार्किंग व्यवस्था के लिए न्यूनतम प्रीमियम राशि 13 लाख 75 हजार रुपए निर्धारित की गई है। प्राप्त आवेदन पत्र 21 जुलाई को दोपहर 3 बजे कलेक्टर कार्यालय में समिति के समक्ष खोले जाएंगे। इस संबंध में अन्य विवरण एमपी टेण्डर डॉट जीओभी डॉट इन पर देखा और डाउनलोड किया जा सकता है।

## पंचायत उपचुनाव के लिए रिटर्निंग आफीसर तैनात

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार पंचायतराज संस्थाओं में पदाधिकारियों के रिक्त पदों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले में ग्राम पंचायतों में रिक्त 17 पंच पदों के लिए निर्वाचन कराया जा रहा है। इनमें जनपद पंचायत रीवा में दो, गंगेव में तीन, त्योंथर में चार तथा जवा में आठ पंच पदों पर निर्वाचन कराया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने पंचायत उपचुनाव के लिए रिटर्निंग आफीसर एवं सहायक रिटर्निंग आफीसर तैनात किए हैं। इनके द्वारा पंच पद के लिए जनपद पंचायत कार्यालय में एक जुलाई से नामांकन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत रीवा में तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला को रिटर्निंग आफीसर तथा नायब तहसीलदार तेजप्रताप सिंह को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। जनपद पंचायत गंगेव में तहसीलदार मनगवां सुमित गुप्ता को रिटर्निंग आफीसर तथा नायब तहसीलदार राजीव शुक्ला को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। जनपद पंचायत त्योंथर में तहसीलदार राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला को रिटर्निंग आफीसर तथा नायब तहसीलदार वीरेन्द्र द्विवेदी को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। जनपद पंचायत जवा में तहसीलदार जितेन्द्र तिवारी को रिटर्निंग आफीसर तथा नायब तहसीलदार वेदवती सिंह को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। कलेक्टर ने तैनात अधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार पंच पदों के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी कराने के निर्देश दिए हैं।

## पंचों के रिक्त पदों के निर्वाचन की अधिसूचना आज होगी जारी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले की चार जनपद पंचायतों में विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंचों के 17 रिक्त पदों के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। निर्वाचन की अधिसूचना एक जुलाई को जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य शुरू होगा। नामांकन पत्र संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय में दाखिल किए जाएंगे। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने रिटर्निंग आफीसर तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर तैनात किए हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंच पदों के निर्वाचन के लिए एक जुलाई से नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्र 8 जुलाई को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जाँच 9 जुलाई को की जाएगी। उम्मीदवार 11 जुलाई को दोपहर 3 बजे तक नामांकन वापस ले सकते हैं। नाम वापसी की समय-सीमा समाप्त होने के बाद 11 जुलाई को ही उम्मीदवारों की सूची तैयार कर उन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। आवश्यक होने पर 22 जुलाई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों में मतदान होगा। मतदान समाप्त होने के तत्काल बाद मतदान केन्द्र में ही मतगणना होगी। चुनाव परिणामों की घोषणा 29 जुलाई को जनपद पंचायत कार्याल में की जाएगी।

## टीएल पत्रों की समीक्षा आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर बीएस जामोद एक जुलाई को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में सुबह 11 बजे आरंभ होगी। बैठक में ई ऑफिस व्यवस्था, पेंशन प्रकरणों के निराकरण तथा विभागीय कार्यों की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

## ऊर्जा विभाग में रिक्त पदों के लिये आवेदन आंमत्रित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में विभिन्न श्रेणियों के 633 रिक्त पदों पर भर्ती के लिये योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आंमत्रित किये गये है। रिक्त पदों में सहायक अभियंता, विधि अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक, उपकेन्द्र परिचारक, सर्वेयर परिचारक के पद शामिल है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि इन पदों के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 04 अगस्त 2025 है। रिक्त पदों में द्वितीय श्रेणी के सहायक अभियंता (पारेषण) के 63 पद, विधि अधिकारी के 01, कनिष्ठ अभियंता पारेषण के 247, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 12, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक के 67, उपकेन्द्र परिचारक के 229 एवं सर्वेयर परिचारक के 14 पद शामिल है। भर्ती प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी एम.पी. ट्रांसको की अधिकृत वेबसाइट अथवा एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

## राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक 2 जुलाई को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला निःशक्त पुनर्वास केन्द्र की जिला प्रबंधन समिति एवं राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक दो जुलाई को आयोजित की जाएगी। बैठक कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं कमेटी की प्रेसीडेंट श्रीमती प्रतिभा पाल करेंगी। सचिव रेडक्रास सोसायटी डॉ विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बैठक में कमेटी के पदाधिकारियों तथा संबंधित अधिकारियों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## नगर निगम में कर्मचारियों की विदाई




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नगर पालिक निगम रीवा में 30 जून 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों–समयपाल खेमराज त्रिपाठी, सहायक राजस्व निरीक्षक राकेश श्रीवास्तव, भृत्य गायत्री देवी पाण्डेय और स्थाई कर्मी श्यामलाल सेन–के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यपालन यंत्री एच.के. त्रिपाठी ने शाल और श्रीफल भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। समारोह में उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। सहायक यंत्री एस.के. गर्ग, अम्बरीश सिंह, सहायक आयुक्त के.एन. साकेत, सरोज जाटव, अन्य कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे।

## विचार

# बिहार में जीत के लिए कांग्रेस फिर काठ की हांडी के भरोसे

लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव और कई राज्यों में विधानसभा चुनाव हारने से भी कांग्रेस ने कोई सबक नहीं सीखा है। देश में भ्रष्टाचार और विकास के मुद्दे उठाने की बजाय पुराने गढ़े मुर्दे उखाड़ कर अपना खोया हुआ जनाधार फिर से प्राप्त करने की नाकाम कोशिशों में जुटी हुई है। देश की सबसे पुरानी पार्टी को देश के मतदाताओं की नब्ज पकड़ में नहीं आई है। इतने चुनाव हारने के बाद भी कांग्रेस को यह समझ नहीं आया है कि आखिर देश के मतदाता चाहते क्या हैं। मतदाताओं की जरूरतों को समझने की बजाय कांग्रेस सत्ता प्राप्ति के लिए काठ की हांडी को बार-बार चढ़ाने के प्रयास में मात खा रही है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों से यही लगता है कि कांग्रेस के पास मुद्दों की या समझ की कमी हो गई है। कांग्रेस महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में फर्जीवाड़े का आरोप लगा रही है। आश्चर्य यह है कि यही कांग्रेस जब कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में चुनाव जीती तब निर्वाचन प्रक्रिया पर ऐसे आरोप नहीं लगाए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर फिर एक बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने 5 चरणों में महाराष्ट्र चुनाव में फिक्सिंग की बात कही है। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों पर जवाब देते हुए उनके सभी दावों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने एक अंग्रेजी अखबार में लिखे अपने लेख के जरिए भाजपा पर आरोप लगाया कि महाराष्ट्र चुनावों में मैच फिक्सिंग की गई और अब कुछ ऐसा ही बिहार में दोहराया जाएगा। राहुल गांधी ने अपने इस लेख को सोशल मीडिया पर शेयर किया। राहुल गांधी ने लिखा कि भाजपा और उसके सहयोगियों ने महाराष्ट्र में चुनाव जीतने के लिए 5 चरणों की प्लानिंग की थी। कांग्रेस नेता ने यह कहा कि महाराष्ट्र की तरह की मैच फिक्सिंग अगली बार बिहार में होगी, फिर किसी भी राज्य में जहां भाजपा हारती दिख रही हो। राहुल गांधी के इस आरोप पर भाजपा के साथ-साथ जे.डी.यू., हम सहित अन्य दलों ने भी कड़ी आपत्ति जताते हुए प्रतिक्रिया दी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने राहुल गांधी द्वारा 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लोकतंत्र में धांधली करने का ब्लूप्रिंट करार दिए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता कई चुनाव में हार से दुखी और हताश हैं इसलिए विचित्र साजिशें रचने का आरोप लगा रहे हैं। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी को यह नहीं पता कि चुनावी प्रक्रिया कैसे काम करती है। उन्हें बहुत अच्छे से पता है। लेकिन उनका मकसद स्पष्टता नहीं बल्कि अराजकता फैलाना है। जे.डी.यू. नेता के.सी. त्यागी ने कहा कि चुनाव आयोग का जितना दुरुपयोग कांग्रेस ने अपने जमाने में किया है उतना किसी ने नहीं किया। मुख्य चुनाव आयुक्त एम.एस. गिल को सांसद बनाया और मंत्री बनाया। कांग्रेस पार्टी की जो नीतियां रही हैं पिछड़ों और वंचितों को लेकर उसके चलते उनके वोटों पर पहले ही चोरी नहीं बल्कि डाका पड़ चुका है। त्यागी ने कहा कि बिहार चुनाव से पहले ही राहुल गांधी हार मान चुके हैं। चुनाव आयोग ने अपने जवाब में राहुल गांधी के दावों को निराधार बताया। निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों पर लंबा जवाब दिया है।

# एससीओ में आतंकवाद पर चले पारस्परिक दांवपेंच के मायने समझिए और इसका स्थायी हल ऐसे निकालिए

कमलेश पांडे

**जब इजरायल जैसा छोटा-सा यहूदी देश अपने शौर्य, पराक्रम और कूटनीति जनित तकनीकी विकास के बल पर ईरान जैसे कट्टर शिया इस्लामिक देश का मुकाबला कर सकता है, तो भारत जैसा विशाल हिन्दू राष्ट्र अपने शौर्य, पराक्रम और कूटनीति जनित तकनीकी विकास के बल पर पाकिस्तानी/पूर्वी पाकिस्तान (बंगलादेश) जैसे कट्टर सुन्नी देश का मुकाबला कर सकता है। बस जरूरत सिर्फ इस बात की है कि जैसे अमेरिका के प्रति इजरायल समर्पित होकर उसका साथ लेता रहता है, वैसे ही हमें रूस के प्रति वफादारी निभाकर (चूंकि वह हमारे दुःख का जांचा-परखा भरोसेमंद अंतरराष्ट्रीय साथी है) उसका पक्का साथ हासिल करने की कोशिश करनी चाहिए। ऐसा इसलिए कि रूस जब भारत के साथ रहेगा तो अमेरिका, यूरोप, चीन और इस्लामिक देश भी अपनी हद में रहेंगे। वहीं, जब रूस को भारत का खुला साथ मिलेगा तो अमेरिका, यूरोप, चीन और इस्लामिक देश रूस को आंख नहीं दिखा पाएंगे।**



सच कहूं तो रूस के तकनीकी विकास को यदि भारत की जनसंख्या का साथ और सैन्य सहयोग मिल जाए तो वह दुनिया फतह तो करेगा ही, भारत की रक्षा भी होती रहेगी। इसके अलावा, इजरायल और रूस के बीच भारत जैसी दोस्ती कैसे बनेगी, इस दिशा में भी भारत को सोचना होगा। क्योंकि ग्रेटर इजरायल, ग्रेटर इंडिया और ग्रेटर रूस की अवधारणा को साकार करके न केवल यूरोप को काबू में रखा जा सकता है, बल्कि चीन भी इस त्रिकोण के बनने के बाद अपनी शैतानी भूल जाएगा, खासकर पड़ोसियों के खिलाफ। रही बात, आतंकवाद के निर्यातक देश ईरान (शिया बहुल आतंकी) और पाकिस्तान (सुन्नी बहुल आतंकी) की, तो इनकी जैसी अप्रत्याशित धुनाई इजरायल-अमेरिका और भारत-रूस ने की है, वह हर आतंकवादी घटना के बाद जोर पकड़नी चाहिए। यही वजह है कि भारत का ऑपरेशन सिंदूर और इजरायल का ऑपरेशन............. अभी भी जारी रहेगा। रही बात सोवियत संघ के पतन के बाद रूस-चीन के नेतृत्व में बने एससीओ की, जिसे नाटो और विघटित सीटो से जुड़े अमेरिका-यूरोप परस्त एशियाई देशों से मुकाबला करने के लिए बनाया गया है, उससे रूस की सहमति लेकर भारत तबतक अलग रहे, जबतक कि चीन-पाकिस्तान जैसे देश आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय दृष्टिकोण को स्वीकार न कर लें। वहीं, भारत-रूस-इजरायल और आतंकवाद विरोधी मुस्लिम देशों का एक ऐसा संगठन तैयार करे, जो अमेरिका-चीन प्रोत्साहित आतंकवादी हरकतों से न केवल ऑन द स्पॉट निबटे, बल्कि इनको हथियार देने वाली कम्पनियों पर भी हमले की रणनीति बनाए। उन्हें ब्लैकलिस्ट करे। यह यूएनओ का कार्य है, लेकिन यह अमेरिका-चीन तिकड़म पसंद सफेद हाथी बन चुका है।

यह बात मैं इसलिए कह रहा हूँ कि जिस तरह से दुनिया के दो पुराने धर्मों हिन्दू व यहूदी धर्म के खिलाफ इस्लाम आक्रामक है, आतंकवादी पैदा करता है, अमेरिका-चीन से हथियार व आर्थिक मदद लेकर इनकी हथियार व सुरक्षा उपकरण निर्माता कम्पनियों के कारोबार विस्तार में मदद करता है, उसकी रीढ़ तोड़नी होगी। यह कार्य गुटनिरपेक्ष देश भारत कर सकता है, लेकिन उसे रूस, इजरायल के अलावा जापान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, फ्रांस, जर्मनी, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब जैसे दूसरी पंक्ति के देशों को साधकर चलना होगा।

यही वजह है कि जब शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) के सम्मेलन में चीन और पाकिस्तान ने आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई को कमजोर करने का प्रयास किया तो भारत ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम में जब भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार करके स्पष्ट संदेश दिया है कि आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

एससीओ बैठक में रक्षा मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि आतंकियों, उनके समर्थकों फडिंग करने वालों और सीमा पार से आतंक फैलाने वालों को जवाबदेह ठहराना जरूरी है। लेकिन, जब भारत ने यह प्रस्ताव दिया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले को संयुक्त बयान में शामिल किया जाए तो चीन और पाकिस्तान ने इसका विरोध किया। जबकि पाकिस्तान की ओर से यह कोशिश की गई कि बलूचिस्तान में हुई घटनाओं और वहां की स्थिति को संयुक्त बयान में जगह मिले। इससे साफ है कि यह सबकुछ एक सोची-समझी रणनीति थी।

देखा जाए तो वर्तमान एससीओ अध्यक्ष होने के नाते सदस्यों के बीच संतुलन की जिम्मेदारी चीन की थी, लेकिन उसने हमेशा की तरह पाकिस्तानी अजेंडे को आगे बढ़ाया। हालांकि भारत के दो टूक रुख से उसे करारा झटका लगा है। क्योंकि संयुक्त बयान जारी न होना उसकी अध्यक्षता की एक बड़ी नाकामी है। वहीं, पुरानी चाल चलते हुए बलूचिस्तान के मानवीय संकट को आतंकवाद का रूप देकर पाकिस्तान वहां के लोगों पर हो रहे अत्याचारों को छिपाना चाहता है। इसके अलावा, वह भारत पर झूठे आरोप लगाकर अंतरराष्ट्रीय सहानुभूति बटोरने की पुरानी रणनीति पर चल रहा है। चीन इसमें पाकिस्तान का हर कदम पर समर्थन कर रहा है। इससे स्पष्ट हैं कि चीन एससीओ के गठन के मकसद को भुला दिया है।

बता दें कि एससीओ की स्थापना इसलिए की गई थी, ताकि सोवियत संघ के विघटन के बाद एशियाई इलाके में शांति और सुरक्षा बनी रहे। जबकि चीन और पाकिस्तान ने एससीओ की इस मूल भावना के विपरीत काम किया है। ऐसा इसलिए कि दोनों देश अमेरिका के एजेंट्स हैं। कोई पहले रह चुका है और कोई अबतलक है। यह स्थिति रूसी रणनीति के खिलाफ है। क्योंकि अपने तुच्छ हितों के लिए चीन-पाकिस्तान के नापाक गठजोड़ ने ऑर्गनाइजेशन के मकसद को भुलाकर एक नया कूटनीतिक संकट पैदा कर दिया। जिससे संगठन पर असर पड़ सकता है, क्योंकि भारत का अब इसमें बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। भारत को उन सभी संगठनों से अलग हो जाना चाहिए, जो अमेरिका विरोधी हो और जिसमें चीन-पाकिस्तान मौजूद हैं। चूंकि भारत, अपने मित्र रूस के कहने पर इन संगठनों की सदस्यता लेता है, इसलिए भारत के हितों की रक्षा की जिम्मेदारी रूस की भी बनती है।

कहा जाता है कि जब कोई संगठन अपने ही मूल सिद्धांतो से पीछे हूटने लगे, तो फिर उसका अंतरराष्ट्रीय कद और प्रभाव भी गिरने लगता है। कहीं अमेरिकी इशारे पर एससीओ इसका शिकार न हो, इसके लिए दूसरे सदस्य देशों यथा रूस व रूसी गणराज्य से अलग हुए मध्य एशियाई देशों को चीन-पाकिस्तान की चालबाजियों को समझना होगा और इनकी स्थायी काट तलाशनी होगी। क्योंकि ये अमेरिकी एजेंट्स की भांति कार्य करते हैं और रूस को मजबूत होने देना नहीं चाहते हैं। इसलिए भारत को चाहिए कि वह अमेरिका और चीन विरोधी देशों यानी ग्लोबल साउथ का एक अलग गुट बनाये और उन्हें सशक्त सैन्य नेतृत्व दे। वहीं अमेरिका-रूस के नेतृत्व वाले संगठनों की सदस्यता ले, क्योंकि चीन व इस्लामिक देशों, यथा- पाकिस्तान, बंगलादेश (पूर्वी पाकिस्तान) के संयुक्त षड्यंत्रों और धर्म के नाम पर इन्हें समर्थन देने वाले देशों के समूल नाश के लिए यह जरूरी है। इससे इजरायल से बेहतर अंतरराष्ट्रीय पार्टनर कोई नहीं हो सकता। हां, अमेरिका-चीन के साथ चूहे-बिल्ली वाली कूटनीति जारी रहनी चाहिए और पाकिस्तान-बंगलादेश को कूटने वाली रणनीति से भी कोई समझौता नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, चीन से व्यापार घाटे को कम करने या उससे व्यापार शून्य करने की स्पष्ट रणनीति बनानी चाहिए, ताकि हमसे कमाकर ही वह हमारे खिलाफ अपनी सेना को मजबूत नहीं कर पाए।

# लोकप्रियता में सबसे आगे तेजस्वी, फिर बाधा क्या?

बिहार में नेताओं की एक नई पीढ़ी लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार का विकल्प बन कर खड़ी हो रही है। राज्य की राजनीति पर करीब 4 दशकों से लालू और नीतीश का दबदबा रहा है। नब्बे के दशक में पिछड़ों के लिए आरक्षण की आंधी में लालू मुख्यमंत्री बने और करीब 15 सालों तक सत्ता में रहे। इस दौर में पिछड़ों, खासतौर से अपने ही समुदाय में उनकी लोकप्रियता उफान पर रही, पर बाद के दौर में बढ़ते अपराध, अपहरण के बाद उनके हिस्से में जंगलराज के अगुवा का खिताब भी आया। नीतीश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर जंगलराज की ध्वनि और तेज की जिससे सत्ता उनके हाथ आ गई। 2005 में लालू विरोध के साथ अति पिछड़ा और अति दलित का झंडा उठाकर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे और लगभग अब तक बने हुए हैं। उधर चारा घोटाला में सजा के चलते लालू सत्ता की कुर्सी का सपना देखते रह गए, लेकिन विरासत 10 साल पहले छोटे बेटे तेजस्वी यादव को सौंप दी। अब नीतीश के चेहरे पर भी उम्र की समस्याएं दिखाई दे रही हैं। उनके बेटे निशांत कुमार अब तक राजनीति में नहीं आए हैं। शुरू में नीतीश ने उनको आगे नहीं बढ़ाया और बाद में इसके हालात नहीं बने। यही वजह है कि उनकी पार्टी जद-यू में भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति है। क्षेत्रीय दलों में जद-यू संभवत- अकेली पार्टी होगी जिसका वारिस जब भी होगा तो बाहर से होगा। उत्तर से लेकर दक्षिण तक बाप- बेटे, बिटिया के हाथ सत्ता का समीकरण चलता रहता है। अब फिर अक्तूबर-नवम्बर की चुनावी आहट के आने के साथ ही गर्मी की लू में भी नेताओं को दिक्कत नहीं हो रही है। हां, नीतीश कुमार और उनकी पार्टी को लेकर जरूर असमंजस की स्थिति है। विधानसभा चुनावों के बाद उनकी विदाई की खबरें तेजी से चल रही हैं। नई पीढ़ी के 4-5 नेता अब उनका विकल्प बनने की तैयारी में लगे हैं। जाहिर है उनमें सबसे आगे लालू के बेटे तेजस्वी यादव हैं, जिन्हें लालू ने अपनी विरासत 2015 में ही सौंप दी थी। बीच में जब नीतीश कुमार ने पाला बदला था तो तेजस्वी उनके साथ उपमुख्यमंत्री बन गए थे। अब विपक्ष के नेता हैं।



चुनावी रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर अपनी अलग पार्टी बनाकर लालू-नीतीश का विकल्प बनने की जंग में शिद्दत से जुटे हैं। दिक्कत सबसे बड़ी भाजपा की है। राज्य में कोई भी नेता नेतृत्व की भूमिका को लेकर तैयार नहीं हो पाया है। सुशील कुमार मोदी के निधन के बाद तो कोई एकमत नाम नहीं सामने आ पाया है। मजबूरन जद-यू,राजद पाृटयों से होते हुए 2017 में भाजपा में आए सम्राट चौधरी उनके नेता हैं और फिलहाल उपमुख्यमंत्री भी हैं। सम्राट,पूर्व समाजवादी नेता और एक समय लालू और नीतीश के सहयोगी और पिछड़ों के बड़े नेता शकुनी चौधरी के बेटे हैं। कांग्रेस ने जे.एन.यू. के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार को आगे किया है। राहुल गांधी उनके लिए समर्थन में भी जबरदस्त तरीके से लगे हैं लेकिन उनकी अपनी अलग दिक्कतें हैं। पिछड़ों की राजनीति के सिरमौर बिहार में वह सवर्ण भूमिहार जाति से आते हैं और दो बार लोकसभा का चुनाव हार भी चुके हैं। राहुल ने वहां दलितों का वोट बैंक अपने पास रखने के लिए राज्य कांग्रेस का नेतृत्व राजेश कुमार नाम के विधायक को दे रखा है।

तेजस्वी-चिराग की चुनौती- इन चार युवाओं में ही बिहार का भविष्य छिपा है। लेकिन सबसे बड़ी दुविधा तेजस्वी और चिराग की है। हाल ही में बिहार के नेताओं की लोकप्रियता को लेकर सी वोटर्स ने एक सर्वे किया था। इस सर्वे के मुताबिक मुख्यमंत्री के लिए 36.9 प्रतिशत लोगों ने तेजस्वी यादव को पसंद किया। प्रशांत किशोर 16.4, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 18.4, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 6.6 और चिराग पासवान सिर्फ 10. 6 फीसदी लोगों की पसंद हैं। सर्वे में शामिल आधे से ज्यादा लोगों ने सरकार से नाखुशी जाहिर की और चुनावों के बाद बदलाव की इच्छा जाहिर की। सी वोटर के मुखिया यशवंत देशमुख ने इस सर्वे के बाद टिप्पणी की कि ये लोगों की इस वक्त की इच्छा है लेकिन ये वोट में बदल जाएं, यह जरूरी नहीं है। इसी सर्वे में बहुत कुछ कहानी है। 36.9 प्रतिशत लोग अगर तेजस्वी को पसंद कर रहे हैं तो सामान्य तौर पर उनके सत्ता में आने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। तय है कि इसका बड़ा हिस्सा उनके मुस्लिम - यादव समीकरण से आता है। अगर दो गठबंधनों में भी मुकाबला होता है तो 42.43 प्रतिशत वोट पर सत्ता आ जाती है। लेकिन यहां इतनी लोकप्रियता के बाद भी तेजस्वी बहुत भरोसे में नहीं हैं कि सत्ता उनके ही पास आएगी।

इसके पीछे कई और कारण हैं। दो सीधे गठबंधन के चुनाव में तीसरा गुट बनने की कोशिश में चल रहे प्रशांत कुमार भी हैं जो मुसलमानों का बड़ा वोट बैंक खींच ले जा सकते हैं। यही प्रशांत कुमार एन.डी.ए. गठबंधन के लिए भी सिरदर्द हैं। सवर्ण वोट बैंक भाजपा के साथ पिछले लगभग 20 साल तक जुड़ा रहा है, तो सत्ता से नाराजगी भी स्वाभाविक है। खास तौर युवाओं में। यही नाराजगी एन.डी.ए. का वोट कम कर सकती है। दूसरी तरफ चिराग एन.डी.ए. का नेतृत्व संभालना चाहते हैं पर भाजपा खुलकर कुछ नहीं कह रही है। चिराग की इस सर्वे में लोकप्रियता सिर्फ 10.6 प्रतिशत है यानी उन्हीं का परम्परागत वोट बैंक 6 प्रतिशत से थोड़ा ज्यादा।

चुनाव के नतीजे आखिरी समय की बहुत सी परिस्थितियों पर निर्भर होते हैं। लेकिन इतना तो साफ है कि तेजस्वी और चिराग के लिए नीतीश का विकल्प बनना आसान नहीं है। ऐसी स्थिति में तय है कि कुछ समीकरण और बनने हैं। तेजस्वी के साथ कौन आएगा? प्रशांत किसको कितना बड़ा नुकसान पहुंचाएंगे? और जीत के रथ पर सवार भाजपा के लिए नरेंद्र मोदी का करिश्मा कितना आगे तक जाएगा? लेकिन तेजस्वी और चिराग की भूमिका पर नजर रखना बड़ा रोचक होगा।

# कांग्रेसी नेताओं ने किया खाद-बीज केंद्र का निरीक्षण

## किसानों की शिकायतें लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, खाद-बीज केंद्र की व्यवस्था पर उठाए सवाल



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेन्द्रगढ़ के चैनपुर धान बीज केंद्र में किसानों को खाद और बीज की आपूर्ति में हो रही दिक्कतों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में निरीक्षण किया गया। बड़ी संख्या में किसान बीज और खाद लेने पहुंचे थे। किसानों ने बताया कि वे कई दिनों से नंबर लेकर लाइन में लगे हैं, लेकिन समय पर खाद और बीज नहीं मिल पा रहा है, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**किसानों की शिकायतें:** कई किसानों ने आरोप लगाया कि उनसे अतिरिक्त पैसे मांगे जा रहे हैं। किसान सुबह से शाम तक भूखे-प्यासे इंतजार करते हैं, लेकिन फिर उन्हें कहा जाता है कि कल आएं। इससे किसानों को खेती करने में बड़ी समस्या हो रही है। मोटी राम (लालपुर) ने बताया कि उन्होंने धान बेच दिया है, लेकिन पैसा नहीं मिला। उनसे 5 हजार रुपए लाने को कहा गया। उन्होंने बैंक से पैसा निकालकर दिया, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। शिव चरण सिंह (शंकरगढ़) ने कहा कि उन्हें खाद और बीज तो मिल गया, लेकिन पिछले छह महीने से पैसे का भुगतान नहीं हुआ है।

**कांग्रेस का आरोप:** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में किसानों की हालत दयनीय है। सरकार समय पर धान बीज, खाद और ऋण सुविधा उपलब्ध नहीं करा पा रही है। कई किसानों ने बताया कि वे 10-12 दिन से चेक के लिए आए हुए हैं लेकिन अभी तक कुछ नहीं मिला।

**केंद्र पर भीड़ से हो रही परेशानी:** मंडी कर्मचारी कमलेश ने बताया कि लगभग 2400 किसान एक साथ आने की वजह से समस्या हो रही है। जितने कार्ड जमा होते हैं, उतने ही किसानों को सेवा दी जा पाती है। नंबर के अनुसार ही काम किया जा सकता है, चाहे किसान कितने भी दिनों से इंतजार कर रहे हों। इस संबंध में किसानों की शिकायतों को लेकर कांग्रेस ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की है।

# शेफाली जरीवाला का रायपुर में डांस का आखिरी वीडियो



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रीमेक सॉन्ग कांटा लगा गाने से मशहूर हुईं एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का 42 साल की उम्र में निधन हो गया। वो आखिरी बार अप्रैल 2024 में रायपुर आई थीं। सिंधी काउंसिल के चेट्रीचंड महोत्सव कार्यक्रम में शेफाली ने कांटा लगा सॉन्ग पर डांस किया।

इस दौरान मंच से शेफाली ने फैंस से पूछा था कि आपको कांटा लगा क्या, मुझे तो रायपुर के लोगों के प्यार का कांटा चुभ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 जून की रात उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मौत हो गई। शेफाली की मौत के मामले में मुंबई पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

शेफाली जरीवाला के घर पर फोरेंसिक टीम पहुंची और सबूत जुटाए गए। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने पति पराग त्यागी का बयान घर पर लिया। अब तक चार लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। शेफाली के घर के कुक और मेड से भी पूछताछ हुई है। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।

वहीं, पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट अभी तक आई नहीं, पोस्टमॉर्टम हो चुका है और पार्थिव शरीर घर पर लाया जा चुका है। सूत्रों के मुताबिक, शेफाली मेडिटेशन पर थीं, लेकिन अभी तक खुलासा नहीं हुआ है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, शेफाली एंटी-एजिंग ट्रीटमेंट ले रही थीं। जवान दिखने के लिए शेफाली पिछले 5-6 सालों से ये इलाज करवा रही थी। शेफाली का इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया कि, शेफाली "एंटी एजिंग ट्रीटमेंट" ले रही थी। एंटी एजिंग का मतलब है, जवान दिखने के लिए किया जाने वाला इलाज।

डॉक्टर ने बताया है कि, शेफाली दो दवाइयां ले रही थी, मगर डॉक्टर ने दावा किया कि इस दवा का हार्ट से कोई संबंध नहीं है, ये दवाइयां स्किन फेयरनेस के लिए ली जाती हैं। इसका असर स्किन पर ही होता है।

अब शेफाली की मौत की असली वजह का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। क्या यह कार्डियक अरेस्ट था या इसके पीछे कोई और कारण है।

शेफाली ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि, वह किशोरावस्था से मिर्गी से पीड़ित थीं। उन्हें 15 साल की उम्र में पहली बार मिर्गी का दौरा पड़ा था। इलाज के दौरान उनका वजन काफी बढ़ गया था। इस वजह से शूटिंग और यात्रा जैसे कामों में उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इससे करियर प्रभावित हुआ। काफी लंबे समय तक ट्रीटमेंट हुआ।

मुंबई पुलिस भी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस देर रात से ही एक्ट्रेस के घर पर मौजूद है। शेफाली के पति पराग त्यागी समेत चार लोगों से पूछताछ कर चुकी है। पूछताछ किए गए लोगों में शेफाली के निजी कुक भी शामिल हैं। परिवार की ओर से इस संबंध में कोई औपचारिक बयान अब तक जारी नहीं किया गया है। पुलिस और फोरेंसिक टीम हर पहलू की जांच कर रही है। ताकि किसी संभावित साजिश या लापरवाही की गुंजाइश को खारिज या पुष्टि किया जा सके।

### महिलाएं बोली-चर्च जाओगे तो पढ़ाई में होशियार बनोगे... बीमारी दूर होगी

# रायपुर में माधव राव सप्रे स्कूल के बाहर बच्चों के धर्मांतरण की कोशिश



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में माधव राव सप्रे स्कूल के बाहर बच्चों के धर्मांतरण की कोशिश की गई। आरोप है कि, तीन महिलाओं ने स्कूल के बाहर छुट्टी के बाद बच्चों को बरगलाने की कोशिश की। उन्होंने बच्चों से बातचीत करते हुए कहा कि, चर्च जाओगे तो पढ़ाई में होशियार बनोगे। सभी बीमारियां भी दूर होंगी।

इस दौरान बच्चों ने महिलाओं से बातचीत करने से मना किया तो महिलाओं ने हिंदू देवी देवताओं को अपमानित करना शुरू कर दिया। घटना की भनक लगते ही हिंदू संगठनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तीनों महिलाओं के खिलाफ [illegible] दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

मामले में सप्रे स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों ने बताया कि, शनिवार को स्कूल से छुट्टी होने के बाद 9वीं-10वीं कक्षा के तीन-चार दोस्त बाहर निकले, तभी तीन महिलाएं ऑटो से उतरकर उनके पास आ गई। महिलाओं ने कहा कि वह ईसाई धर्म को मानती हैं, तुम लोग चर्च जाते हो की नहीं।

जब बच्चों ने कहा कि वह चर्च नहीं जाते हिंदू धर्म से हैं। तब महिलाओं ने उन्हें ईसाई धर्म में जुड़ने की बात कही। बच्चों ने जब मना किया तो महिलाएं उनका पीछा करने लगी। छात्रों के मुताबिक, महिलाओं का नाम ममता चौहान, नम्रता चौहान और विभा मसीह है।

पीड़ित छात्र ने बताया कि, महिलाओं ने कहा कि जो लोग चर्च जाते हैं, वो पढ़ाई में होशियार होते हैं। हिंदू धर्म मानने वाले लोग बीमार और परेशान रहते हैं। साथ ही ईसाई धर्म को जो अपनाता है, उसकी आर्थिक रूप से मदद करते हैं।





ऐसा कहते हुए वह लालच देने लगे। बच्चों का कहना है कि उन्हें अपने देवी देवताओं को छोटा बताने से अपमानित महसूस हुआ है। मामले में बच्चों ने अपने परिवार के लोगों को बात बताई। इसके बाद बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता पुलिस थाने पहुंच गए।

बजरंग दल के कार्यकर्ता पंकज ने बताया कि उन्होंने महिलाओं को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह बहसबाजी करने लगी। इसके बाद महिला पुलिस की मदद से महिलाओं को थाने लाया गया। फिलहाल, मामले में आगे की जांच जारी है।

### पति ने बहनोई के साथ अवैध-संबंध का लगाया आरोप, पत्नी बोली-चरित्रहीनता का ब्लेम गलत, अपील खारिज

# पत्नी के कैरेक्टर पर शक क्रूरता जैसा : हाईकोर्ट



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर हाईकोर्ट ने पति-पत्नी के पारिवारिक विवाद और तलाक को लेकर दायर याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि, सबूत के बिना पत्नी की चरित्र पर आरोप लगाना उसके साथ क्रूरता है। जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत ने पति की अपील को खारिज कर फैमिली कोर्ट के आदेश को सही ठहराया है।

दरअसल, रायगढ़ जिले में रहने वाले युवक और ओडिशा के सुंदरगढ़ की युवती के साथ 24 जून 2012 में हिंदू रीति-रिवाज के साथ शादी हुई थी। उनके दो बच्चे है, जिनमें एक बेटी और एक बेटा हैं। अभी दोनों बच्चे पत्नी के साथ रह रहे हैं।

विवाह के 4-5 साल तक पति-पत्नी के बीच संबंध अच्छा नहीं रहा। इस बीच 2018 में पत्नी दोनों बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई। इसके बाद पति ने परिवार न्यायालय में तलाक के लिए आवेदन पेश किया। जिसमें कहा कि, दूसरे बच्चे के जन्म के बाद पत्नी का व्यवहार उपेक्षापूर्ण और अपमानजनक हो गया।

वो पति और उसके परिवार को बिना बताए घर से बाहर जाने लगी। पति उसे हर बार समझाता रहा, लेकिन इसका उस पर कोई असर नहीं हुआ। वह ज्यादातर समय घर से बाहर ही बिताने लगी।

**पति ने पत्नी पर बहनाई के साथ अवैध संबंध का लगाया आरोप**

तलाक आवेदन में पति ने अपनी पत्नी की चरित्र पर शक करते हुए अवैध संबंध के आरोप लगाए। उसने बताया कि पत्नी उसकी अनुपस्थिति में दामाद (बहनोई) को रात में बुलाती थी। उसके साथ समय बिताती थी। जिसका विरोध करने पर वो कहती थी कि, पति के पास टाइम नहीं है, इसलिए उसे बुलाती है। उसके साथ कोई गलत संबंध नहीं है।

इस दौरान 31 अगस्त 2018 को उसकी पत्नी अपने पुरुष मित्र को बुलाकर दोनों बच्चों को लेकर उसके साथ चली गई। घर से जाने के बाद वह तलाक के लिए दबाव बनाने लगी। जिस पर पति ने थाने में रिपोर्ट भी लिखाई थी। इस स्थिति में पति के पास उसे तलाक देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

**पत्नी ने आरोपों को बताया गलत, दहेज के लिए प्रताड़ित करता था पति**

इधर, पत्नी ने अपना पक्ष रखते हुए कोर्ट को बताया कि, विवाह के कुछ महीनों बाद पति और उसके परिवार के सदस्य उसके साथ क्रूरतापूर्वक दुर्व्यवहार करते थे। उसके साथ मारपीट करते थे। मायके से नकदी, सोना, चांदी आदि लाने के लिए दबाव बनाते थे। महिला ने पति के लगाए गए आरोपों को निराधार और गलत बताया और कहा कि वह घर से कभी किसी के साथ अकेली बाहर नहीं गई।

उसने कभी भी अपनी ननंद के पति से गलत बात नहीं की। वह खुद से मायके भी नहीं गई। बल्कि, पति और ससुरालवालों ने धोखा देकर उसे मायके में छोड़ दिया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद परिवार न्यायालय ने पति की तलाक की अर्जी को खारिज कर दिया।

**हाईकोर्ट में फैमिली कोर्ट के आदेश को दी चुनौती**

फैमिली कोर्ट से तलाक की अर्जी खारिज होने के बाद पति ने हाईकोर्ट में अपील की। इसमें बताया कि, पत्नी नए पुरुषों के साथ रह रही है और गलत संगत में पड़ रही है। इसलिए इस बात की प्रबल संभावना है कि इसका बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। इन परिस्थितियों में उसकी अपील को स्वीकार कर उसके पक्ष में तलाक का आदेश पारित किया जाए। साथ ही दोनों बच्चों को पिता को देने का आदेश दिया जाए।

**हाईकोर्ट बोला- पत्नी की चरित्र पर आरोप लगाना क्रूरता के समान**

पति की अपील पर दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि, पति ने पत्नी पर व्यभिचार का आरोप लगाया है। जिसका कोई साक्ष्य नहीं है। आरोपों पर उनके बीच मोबाइल पर बातचीत को छोड़कर कोई भी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य अभिलेख पर उपलब्ध नहीं है। यह भी आरोप लगाया गया है कि देवर घर पर आता-जाता रहता है। इस बात का स्पष्ट प्रमाण नहीं है कि उनका विवाह के बाहर कोई संबंध है। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि पत्नी व्यभिचारी जीवन जी रही है। पति ने अपने बहनोई के समक्ष पत्नी की पवित्रता पर आरोप लगाया है। पारिवारिक न्यायालय में आवेदन दाखिल करने से एक दिन पहले रिपोर्ट भी दर्ज कराया है। हाईकोर्ट ने कहा कि अगर पत्नी की चरित्र की पवित्रता पर आरोप लगाया जाता है, तो यह पति की तरफ से पत्नी के खिलाफ क्रूरता के समान है।

पति ने अपनी पत्नी के साथ क्रूरता की, जिस कारण उसकी पत्नी को अलग रहने का उचित कारण मिला। ऐसे में फैमिली कोर्ट के आदेश पर हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है। जिसके बाद हाईकोर्ट ने पति की अपील को खारिज कर दी है।

## रीवा/सतना की खबरें

# मोहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं परस्पर सौहार्द के साथ मनायें



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आगामी 6 जुलाई को मोहर्रम त्यौहार के शांतिपूर्ण एवं परस्पर सौहार्द के साथ मनाये जाने के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने कहा कि मोहर्रम का जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकलेगा। नगर निगम जुलूस के मार्ग में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था करें। जुलूस के साथ घातक अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल बिजली के तारों को व्यवस्थित करा दें जिससे ताजिये निकालने में असुविधा न हो। जुलूस में माननीय न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग करें। बैठक में बताया गया कि मोहर्रम के जुलूस में शहर के सभी प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। जुलूस को निकालते समय यातायात व्यवस्था का ध्यान रखें। जुलूस नगर के सबसे व्यस्त मार्गों से निकलता है। सड़क की एक तरफ से जुलूस निकालें जिससे दूसरी ओर से यातायात जारी रहे। बैठक में मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई, जुलूस मार्ग के पेड़ों की छटाई तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने त्यौहार के दौरान किए जाने वाले प्रबंधों की जानकारी दी। बैठक में शांति समिति के सभी सदस्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से बचाने के दिशा-निर्देशों का करें पालन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आकाशीय बिजली (वज्रपात) से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का पालन कर आकाशीय बिजली से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली से आउटडोर (घर के बाहर) बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं। ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें। बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर, कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की, दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें। पानी के धातु पाइप से बिजली प्रवाहित हो सकती है। विभाग द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय के लिए आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। पर्याप्त संख्या में औषधियाँ, सामग्री और पैरामेडिकल स्टॉफ का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी शासकीय चिकित्सालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं ए.एन.एम./सी.एच.ओ. के पास जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। बहु-उद्देशीय कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा पर्यवेक्षकों को स्थानीय स्तर पर आपात सेवा स्थापित करने के लिए तैयार रखा जाये। शासकीय अमले की सहायता के लिये स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों व पैरामेडिकल स्टॉफ को चिन्हित कर आपात स्थिति में उनकी सेवाएं प्राप्त करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं।

# विधायक ने जल गंगा संवर्धन अभियान का किया समापन



**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** मऊगंज जिले में जनपद पंचायत मऊगंज के ग्राम पंचायत मुदरिया चौवान में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश भर में जल संरक्षण के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल संरक्षण के सार्थक प्रयास किए गए। मऊगंज जिले में भी खेत तालाब निर्माण, अमृत सरोवर निर्माण तथा हैण्डपंप एवं कुंओं में रिचार्ज पिट बनाकर वर्षाजल को सहेजने का प्रयास किया गया है। जल संरक्षण के साथ-साथ हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाकर वृक्षारोपण में भी योगदान दे। जल संरक्षण और वृक्षारोपण से ही पर्यावरण की सुरक्षा होगी। जनपद पंचायत मऊगंज में समापन कार्यक्रम में खण्डवा में आयोजित राज्य स्तरीय समापन समारोह में मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन एवं अन्य कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम को उपस्थित गणमान्य के द्वारा देखा गया। कार्यक्रम में जनपद से मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरके मिश्रा, सहायक परियोजना अधिकारी, उपयंत्री शिवेन्द्र मोहन तिवारी, सरपंच, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं जन अभियान से अजय चतुर्वेदी एवं उनकी समस्त टीम उपस्थित रही।

## ल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता के लॉ कालेज में गैंगरेप की पीड़ित छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हो गई है। मेडिकल जांच कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में की गई थी। कस्बा पुलिस के अधिकारी के मुताबिक पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले हैं। उससे मारपीट की भी पुष्टि हुई है। गैंगरेप केस के तीनों आरोपियों को कोर्ट ने शुक्रवार को 1 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने 26 जून को 2 आरोपियों और तीसरे आरोपी को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया था। वहीं लॉ कॉलेज के गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को भी शनिवार को अरेस्ट कर लिया गया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने घटना को लेकर विवादित बयान दिया। बनर्जी ने कहा- अगर कोई दोस्त अपने दोस्त के साथ बलात्कार करता है तो क्या किया जा सकता है। घटना 25 जून को हुई थी, वारदात कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर के गार्ड रूम में हुई थी। आरोपियों में मनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) शामिल हैं। मनोजीत मुख्य आरोपी है और कॉलेज का पूर्व छात्र है। जबकि जैब और प्रमित कॉलेज के छात्र हैं।

## राजा हत्याकांड- शिलॉन्ग पुलिस को फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार

**इंदौर ( एजेंसी )।** राजा रघुवंशी हत्याकांड को लेकर अब शिलॉन्ग पुलिस की जांच फोरेंसिक रिपोर्ट पर टिकी हुई है। पुलिस का मानना है कि भले ही आरोपियों को सजा दिलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। फिर भी विशाल की खून से सनी शर्ट, सोनम की रेनकोट और हत्या में इस्तेमाल किए हथियार (डाउ) पर लगे ब्लड की जांच रिपोर्ट सुनवाई के दौरान अहम साबित होगी। वहीं, इंदौर से बुधवार को शिलॉन्ग पुलिस कॉन्ट्रैक्टर शिलोम जेम्स, चौकीदार बलवीर अहिरवार और बिल्डिंग मालिक लोकेंद्र तोमर को अपने साथ ले गई है। वहां कोर्ट ने तीनों को 6 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। उनसे कई बिंदुओं पर पूछताछ होगी। विशाल, सोनम और राज से उनका आमना-सामना भी कराया जाएगा। पुलिस को मोबाइल डाटा से आरोपियों की जानकारी लगी थी। लेकिन, सोनम और राजा रघुवंशी के अलावा विशाल,आकाश और आनंद को शिलॉन्ग में टूरिस्ट गाइड, चाय दुकान वाले और होटल वाले ने देखा था। ऐसे में आरोपियों की जेल में शिनाख्ती परेड कराई जाएगी। पुलिस ने इस मामले में डकैती जैसी धाराओं का भी इस्तेमाल किया है। जिसमें जेल के अंदर ही आरोपियों की शिनाख्ती जज के सामने होगी। होटल के बाहर के सीसीटीवी फुटेज को भी शिलॉन्ग पुलिस इस मामले में आधार बनाएगी। वहीं, एक ब्लॉगर के कैमरे में सोनम, राजा रघुवंशी और तीनों आरोपी विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी कैद हुए थे। यह वीडियो हत्या से ठीक पहले का बनाया था। जिसके आधार पर आरोपियों को सजा दिलाई जा सकती है।

## एअर इंडिया ने 4 कर्मचारियों से इस्तीफा मांगा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एअर इंडिया ने अपने ग्राउंड हैंडलिंग वेंचर एआईएसएटीएस के 4 कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए कहा है। ये कार्रवाई इनकी एक पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद की गई। इन कर्मचारियों ने अहमदाबाद प्लेन हादसे के 8 दिन बाद यह पार्टी की थी। एअर इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, अहमदाबाद प्लेन हादसे की दुखद घटना से प्रभावित परिवारों के साथ हम पूरी संवेदना के साथ खड़े हैं। वायरल वीडियो में कर्मचारियों का व्यवहार है, वह हमारी कंपनी की पॉलिसी के खिलाफ है।

# आचार्य विद्यानंद का जीवन त्याग की मिसाल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पीएम मोदी शनिवार को जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आचार्य विद्यानंद का डाक टिकट और सिक्का जारी किया। इस कार्यक्रम का आयोजन भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट की ओर से किया गया। ट्रस्ट ने पीएम को धर्म चक्रवर्ती की उपाधि से सम्मानित किया। इस मौके पर मोदी ने कहा, मैं खुद को इस उपाधि के योग्य नहीं मानता, लेकिन हमारी संस्कृति में यह परंपरा है कि संतों से जो भी मिलता है, हम उसे प्रसाद मानकर स्वीकार करते हैं। इस वजह से मैं इस सम्मान को प्रसाद रूप में विनम्रता से स्वीकार करता हूं और इसे मां भारती को समर्पित करता हूं। आज का दिन इसलिए भी खास है क्योंकि 28 जून 1987 को आचार्य विद्यानंद मुनिराज को आचार्य की उपाधि दी गई थी। यह सिर्फ एक सम्मान नहीं था, बल्कि जैन संस्कृति को विचारों, संयम और



करुणा से जोड़ने वाली एक पवित्र धारा भी थी। जब हम आज उनके जन्म के 100 साल मना रहे हैं, तो वह ऐतिहासिक पल फिर याद आता है। आचार्य विद्यानंद महाराज का जन्म शताब्दी समारोह पूरे साल भर चलेगा। इस दौरान जैन समाज की ओर से देशभर में जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पीएम ने भावुक होते हुए कहा कि आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज एक युग पुरुष थे, युग दृष्टा थे। मुझे सौभाग्य मिला कि मैं उन्हें निकट से देख पाया और उनके आध्यात्मिक तेज को महसूस कर सका। आज जब हम उनकी जन्म शताब्दी मना रहे हैं, तो मुझे इस मंच से भी उनका स्नेह और निकटता महसूस हो रही है। पीएम ने कहा- भारत दुनिया की सबसे प्राचीन और जीवित संस्कृति है। हम हजारों वर्षों से अमर हैं, क्योंकि हमारे विचार अमर हैं, हमारी सोच अमर है, हमारा दर्शन अमर है। इस अमर दर्शन का स्रोत हमारे ऋषि, मुनि, संत और आचार्य हैं। उन्होंने ही भारत की आत्मा को दिशा दी है और सदियों तक हमारी संस्कृति को जीवित रखा है। आचार्य विद्यानंद महाराज जैन धर्म के संत, विद्वान और समाज-सुधारक थे। उनका जन्म 22 अप्रैल 1925 को शेदबल गांव, बेलगावी (अब कर्नाटक) में हुआ था। बहुत कम उम्र में उन्होंने संन्यास ले लिया

और पूरी जिंदगी संयम, साधना और सेवा में लगा दी।वे जैन धर्म के सबसे बड़े विद्वानों में माने जाते हैं। उन्होंने 8,000 से ज्यादा जैन ग्रंथों के श्लोक कंठस्थ कर रखे थे। उन्होंने जैन दर्शन, नैतिकता और प्राकृत भाषा पर 50 से अधिक किताबें लिखीं। आचार्य विद्यानंद जी ने देशभर में कई पुराने जैन मंदिरों के जीर्णोद्धार में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने जीवनभर नंगे पांव यात्रा की और कठोर तप, ब्रह्मचर्य और ध्यान का पालन किया। आचार्य विद्यानंद जी महाराज साल 1975 में भगवान महावीर के 2,500वें निर्वाण महोत्सव के समय, उन्होंने सभी जैन संप्रदायों की सहमति से आधिकारिक जैन ध्वज और अहिंसा प्रतीक तैयार किया। बुधवार को जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) की ओर से विश्व नवकार महामंत्र दिवस मनाया गया। दुनिया के 108 देशों में एक साथ नवकार महामंत्र का जाप किया गया। खातेगांव के श्रीमुनि सुव्रतनाथ जिनालय में सुबह 8ः01 बजे से जाप शुरू हुआ। यह 9ः36 बजे तक चला। इस 1 घंटा 35 मिनट के जाप में जैन समाज के कई लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया गया

## जयपुर-आगरा हाईवे पर कैंटर में घुसी कार, 4 की मौत

**दौसा ( एजेंसी )।** जयपुर-आगरा हाईवे पर खड़े कैंटर में पीछे से कार जा घुसी। इस हादसे में कार सवार मां, बेटा-बेटी सहित 4 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना शुक्रवार की देर रात करीब सवा बारह बजे दौसा के कलेक्ट्रेट चौराहे के पास आरटीओ ऑफिस के सामने हुई। आरोप है कि आरटीओ टीम ने चेकिंग के कारण हाईवे किनारे कैंटर को रोका था, तभी हादसा हो गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद हरियाणा नंबर की कार को कैंटर से अलग किया जा सका। कार सवार बुरी तरह गाड़ी में फंस गए थे। काफी मशक्कत के बाद उन्हें निकाला जा सका।

## अधिकारों की रक्षा के लिए अदालतों की सक्रियता जरूरीः सीजेआई

**नागपुर ( एजेंसी )।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शुक्रवार को कहा कि संविधान और नागरिकों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए न्यायिक सक्रियता जरूरी है। यह बनी रहेगी, लेकिन इसे न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदला जा सकता।

सीजेआई ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के तीनों अंगों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को उनकी सीमाएं दी गई हैं। तीनों को कानून के अनुसार काम करना होगा। जब संसद कानून या



नियम से परे जाती है, तो न्यायपालिका हस्तक्षेप कर सकती है। सीजेआई गवई नागपुर जिला कोर्ट बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। यहां उन्होंने कुछ किस्से साझा किए। अपने माता-पिता के संघर्षों के बारे में बताया। अपने जीवन पर माता-पिता के प्रभाव के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए।

सीजेआई ने कहा, मैं आर्किटेक्ट बनना चाहता था, लेकिन मेरे पिता ने मेरे लिए अलग सपने देखे थे। वह हमेशा चाहते थे कि मैं वकील बनूं, एक ऐसा सपना जो वह खुद पूरा नहीं कर सके। मेरे पिता ने खुद को अंबेडकर की सेवा में समर्पित कर दिया। वह खुद एक वकील बनना चाहते थे, लेकिन स्वतंत्रता आंदोलन का हिस्सा होने के कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया

## जम्मू-कश्मीर के दौरे पर संसदीय समिति

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** पब्लिक गवर्नेंस और लॉ-जस्टिस की संसदीय समिति शनिवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर है। कमेटी के मेंबर सुबह जम्मू से वैष्णो देवी धाम पहुंचे। इसके बाद वह पहलगाम का दौरा भी कर सकते हैं। कमेटी के चेयरमेन भाजपा सांसद और पूर्व पुलिस महानिदेशक बृजलाल ने बताया कि अब तक 6-7 सांसद जम्मू पहुंचे हैं और बाकी श्रीनगर में जुड़ेंगे। यह कमेटी जम्मू-कश्मीर में सरकारी कामकाज, लॉ एंड जस्टिस और लोगों को हो रही समस्या की समीक्षा करेगी।

उन्होंने बताया कि समिति दो दिन जम्मू में रहेगी, फिर श्रीनगर जाएगी। इस दौरान वह पहलगाम जाने की कोशिश भी करेंगे। इससे पहले बृजलाल उस डेलिगेशन का भी हिस्सा थे, जो पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने जापान-सिंगापुर गया था। केंद्र सरकार 7-8 जुलाई को पहलगाम में एक हाई लेवल मीटिंग भी करेगी, इसमें सभी राज्यों के पर्यटन सचिव शामिल होंगे। यह बैठक पर्यटन मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय की ओर से आयोजित की जाएगी। दौरे के दौरान समिति जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अतुल डुल्लू और दूसरे वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा समिति माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओअंशुल गर्ग और अधिकारियों से भी मुलाकात करेगी। बृजलाल ने कहा कि वे मां वैष्णो देवी मंदिर जा रहे हैं, जहां सीईओ से मिलकर श्रद्धालुओं को मिलने वाली सुविधाओं और आने वाली परेशानियों पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद समिति सीईओ पावर ग्रिड और अन्य दो सार्वजनिक उपक्रमों के साथ बैठक करेगी।

## देश में पहली बार बिहार में मोबाइल ऐप से वोटिंग

**बिहटा, पटना ( एजेंसी )।** बिहार देश का पहला राज्य बन गया है, जहां वोटर्स को मोबाइल ऐप के जरिए वोटिंग करने की अनुमति दी गई है। बिहार की छह परिषदों में नगरीय निकाय चुनावों के दौरान पायलट प्रोजेक?ट के तौर पर ई-वोटिंग शुरूआत की गई है। इस प्रोजेक?ट का उद्देश्य वोटिंग सेंटर्स तक पहुंचने में असमर्थ लोगों के लिए वोटिंग को सुलभ बनाना है। वोटिंग के लिए दो ऐप लॉन्च किए गए हैं। बिहार के 26 जिलों की 42 नगरपालिकाओं में नगर निकाय के लिए उपचुनाव हो रहा है। जो मतदाता बूथ पर नहीं पहुंचने में असमर्थ हैं उनके



लिए ई-वोटिंग की व्यवस्था की गई है।

यह सुविधा लेने के लिए पहले से रजिस्ट्रेशन कराना था। चुनाव आयोग के अनुसार स्थानीय निकाय में ई-वोटिंग के लिए 50 हजार से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक ई-वोटिंग हुई। दुबई, कतर जैसे देशों में रह रहे प्रवासी बिहारियों ने भी ऐप के जरिए वोटिंग की।

## कांटा लगा फेम शेफाली जरीवाला का निधन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रीमेक सॉन्ग कांटा लगा गाने से मशहूर हुई एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का 42 साल की उम्र में निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 जून की रात उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मौत हो गई। अब इस मामले में मुंबई पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शेफाली जरीवाला के घर पर



फोरेंसिक टीम पहुंच चुकी है और सबूत जुटाए जा रहे हैं। वहीं, अंबोली पुलिस स्टेशन में घर की मेड और कुक से पूछताछ की गई है। परिजन के भी बयान लिए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, शेफाली को बेहोशी की हालत में उनके पति और एक्टर पराग त्यागी, के साथ तीन अन्य लोग शुक्रवार रात मुंबई के अंधेरी स्थित बेलेव्यू अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के रिसेप्शन स्टाफ ने पुष्टि की है कि शेफाली जरीवाला को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था।

## भाजपा ने मांगा ममता बनर्जी का इस्तीफा

**बंगाल ( एजेंसी )।** कोलकता रेप केस मामले को लेकर सियासत तेज होती दिखाई दे रही है। भाजपा लगातार ममता बनर्जी की सरकार पर हमलावर है। वहीं, भाजपा ने अपराध स्थल का दौरा करने, जांच करने और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। समिति के सदस्य पूर्व केंद्रीय मंत्री सतपाल सिंह, मीनाक्षी लेखी और सांसद बिप्लब देब और मनन मिश्रा हैं। वहीं, दूसरी ओर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि जिस राज्य में महिला मुख्यमंत्री हो, वहां महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता होनी चाहिए, लेकिन इतनी असंवेदनशीलता और क्रूरता क्यों है? पीड़िता ने खुद बयान जारी किया है। अगर इसे ध्यान से पढ़ें तो एक बात साफ हो जाती है कि गैंगरेप का ये पूरा दुष्चक्र कहीं न कहीं राज्य प्रायोजित है। ये राजनीतिक दृष्टिकोण से प्रेरित एक क्रूर कृत्य है। मैं ऐसा क्यों कह रहा हूं? क्योंकि




ये एक कॉलेज यूनियन से जुड़ा है, जिसका मुख्य आरोपी मनोज मिश्रा है। मनोज मिश्रा खुद टीएमसी की छात्र शाखा के सचिव रह चुके हैं। वो टीएमसी के सदस्य हैं।


संबित पात्रा ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक कमेटी बनाई है, वह कमेटी मौके पर जाकर जांच करेगी।

## जम्मू-कश्मीर को प्रमुख पर्यटन स्थल में बहाल करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी-अब्दुल्ला

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को राज्य को देश के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में बहाल करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। अब्दुल्ला ने कहा, जम्मू-कश्मीर को देश के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में बहाल करना और उसे कायम रखना सरकार और पर्यटन हितधारकों का सामूहिक कर्तव्य है मुख्यमंत्री यहां शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र (एसकेआईसीसी) में उद्योग मंडल फिक्की और जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'जम्मू-कश्मीर पर्यटन पुनरुद्धार वार्ता' को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा, यह हमारा दायित्व है कि हम अपनी शक्ति के अनुसार हरसंभव प्रयास करें ताकि जम्मू-कश्मीर देश में प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में अपनी स्थिति में वापस आ सके और वैसा ही बना रहे। अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार मुख्य रूप से समग्र पर्यटक अनुभव को बेहतर बनाने पर केंद्रित नई पहलों पर काम कर रही है।

## गुंडिचा मंदिर में भगवान 9 दिन ठहरेंगे


**पुरी ( एजेंसी )।** ओडिशा के पुरी में सालाना जगन्नाथ यात्रा का शनिवार को दूसरा दिन है। आज सुबह 10 बजे फिर रथयात्रा शुरू हुई। भक्तों ने तीनों रथों को खींचना शुरू किया। सुबह 11.20 बजे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज और दोपहर 12.20 बजे देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ और इनके बाद भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ 1.11 बजे गुंडिचा मंदिर पहुंच गया है। मुख्य मंदिर से गुंडिचा मंदिर की दूरी 2.6 किमी दूर है। 8 लाख से ज्यादा श्रद्धालु होने की वजह से अभी दो से तीन घंटे और लग सकते हैं। गुंडिचा मंदिर में



भगवान 9 दिन ठहरेंगे। पुरी में सुबह से हल्की बारिश हो रही है। इससे मौसम में अच्छा हो गया है। कल की अपेक्षा आज भीड़ 10-20 प्रतिशत कम है, लेकिन आज भी कई लोग बीमार हो गए। पिछले दिन में 650 से श्रद्धालुओं के तबीयत खराब होने की खबर है। शुक्रवार को रथ यात्रा में 10 लाख से ज्यादा लोग थे। देर शाम देवी सुभद्रा के रथ के आसपास भीड़ का दबाव बढ़ने से 625 से श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई। प्रशासन के मुताबिक, 70 अस्पताल में भर्ती किया गया। इनमें से 9 की हालत गंभीर है।

## लोकसभा अध्यक्ष तीन जुलाई को मानेसर में शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तीन जुलाई को गुरुग्राम के मानेसर स्थित 'इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी' (आईसीएटी) में 'संवैधानिक लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।



यहां जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के प्रमुख सम्मेलन में भाग लेंगे। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण और लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह भी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।


## केरल के पांच जिलों में 'ऑरेंज' अलर्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केरल में मानसून की बारिश जारी रहने के कारण राज्य में हाई अलर्ट जारी है, क्योंकि नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है और बांधों के शटर खोले जा रहे हैं। भारतीय मौसम विभाग ने राज्य के लिए अपने पूर्वानुमान में संशोधन किया है, जिसके तहत आज वायनाड और इडुक्की जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। आईएमडी ने राज्य के पथानामथिट्टा, कोट्टायम, इडुक्की, मलप्पुरम और वायनाड जिलों में शनिवार के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया। 'ऑरेंज' अलर्ट का मतलब है 11 सेंटीमीटर (सेमी) से 20 सेमी तक की भारी बारिश होता है। पिछले कुछ दिनों में राज्य में हुई बारिश के कारण विभिन्न नदियों का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे कई निचले इलाकों में बाढ़ आ गई और सैकड़ों लोग विस्थापित हुए हैं। पिछले कुछ दिनों में वायनाड जिले के बाणासुर सागर और पथानामथिट्टा जिले के मूझियार जैसे कुछ बांधों के फाटक खोल दिये गए हैं। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, त्रिशूर जिले में पीची बांध के फाटक शनिवार दोपहर को खोले जाने की उम्मीद है। जिला प्रशासन ने बताया कि जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश के कारण जल स्तर बढ़ने के बाद पलक्कड़ में कंजिरापुझा, मालमपुझा और मीनकारा सहित विभिन्न बांधों के फाटक शनिवार को खोल दिए गए।

तमिलनाडु के अधिकारियों ने शुक्रवार को संकेत दिया था कि मुल्लापेरियार बांध में जल स्तर 136 फुट तक पहुंचने पर वे बांध के फाटक खोल सकते हैं, जिसके बाद इडुक्की जिले के अधिकारी बांध के फाटक संभावित रूप से खोले जाने के मद्देनजर तैयारियों में जुट गये हैं।

## मणिपुर में जल्द ही नई सरकार बनने की उम्मीद

**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शनिवार को कहा कि राज्य में एक लोकप्रिय सरकार स्थापित करने के प्रयास चल रहे हैं, जो अभी राष्ट्रपति शासन के अधीन है। भाजपा के राज्य मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम से इतर बोलते हुए सिंह ने उम्मीद जताई कि मणिपुर में जल्द ही नई सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि हम जल्द से जल्द सरकार बनाने के लिए काम कर रहे हैं। हम एक राष्ट्रीय पार्टी हैं। जमीनी हालात को देखने के बाद मुझे विश्वास है कि जल्द ही सरकार बनेगी। भाजपा और उसके सहयोगी दल भी लोकप्रिय सरकार चाहते हैं। हम जनप्रियता की बहाली के लिए काम कर रहे हैं। बिरेन सिंह ने कहा कि हम सिर्फ मौजूदा संकट पर ध्यान दे रहे हैं। हम सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने और मणिपुर राज्य में शांति लाने के लिए केंद्र सरकार और संबंधित व्यक्तियों से संपर्क कर रहे हैं। हम मणिपुर राज्य में सरकार बनाने के लिए भाजपा और एनडीए विधायकों से भी मिल रहे हैं। अब शांति बहाल हो रही है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में केंद्र सरकार शांति लाने के लिए दिन-रात काम कर रही है। पूर्व सीएम ने कहा, हमने, भाजपा ने, किसी की आलोचना नहीं की है। हम केवल मौजूदा संकट पर ध्यान केंद्रित कर रहे



हैं। हम राज्य में सौहार्दपूर्ण समाधान और शांति लाने के लिए केंद्र सरकार और संबंधित व्यक्तियों से संपर्क कर रहे हैं। इस बीच, हम विधायकों की लगातार बैठकों के साथ एक लोकप्रिय सरकार को बहाल करने के लिए भी काम कर रहे हैं। हर कोई शांति बहाली चाहता है। शांति अनिवार्य है। पिछले सात या आठ महीनों में समुदायों के बीच लड़ाई की कोई खबर नहीं आई है। सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य में शांति बहाल करने के लिए दिन-रात प्रयास कर रही है। मीडिया के एक सवाल के जवाब में सिंह ने कहा, मैंने पहले भी कहा है कि अवैध अप्रवासियों और ड्रग कार्टेल ने पूरे उत्तर पूर्व के साथ-साथ पूरे देश को प्रभावित किया है। धीरे-धीरे, हर कोई इस मुद्दे को समझने लगा है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने बांग्लादेश से जूट और फाइबर उत्पादों के आयात पर लगाई रोक



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने बांग्लादेश से जूट और संबंधित फाइबर उत्पादों के आयात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया है। बताया जा रहा है यह फैसला दोनों पड़ोसियों के बीच संबंधों में बढ़ते तनाव को देखते हुए लिया गया है। सूत्रों ने बताया कि नए प्रतिबंध महाराष्ट्र में न्हावा शेवा बंदरगाह को छोड़कर अन्य सभी जमीनी मार्ग और बंदरगाहों के माध्यम से बांग्लादेश के जूट और संबद्ध फाइबर उत्पादों के भारत में आयात पर लागू होंगे। वाणिज्य मंत्रालय के तहत काम करने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना जारी कर प्रतिबंध लगा दिए। साफ्टा (दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र) के प्रावधानों के तहत, बांग्लादेश से जूट को भारत में शुल्क मुक्त पहुंच प्राप्त है। हालांकि उन्होंने कहा कि भारतीय जूट उद्योग को बांग्लादेश से जूट उत्पादों, विशेष रूप से धागा, फाइबर और बैग के डंप किए गए और सब्सिडी वाले आयात के प्रतिकूल प्रभाव के कारण लंबे समय से नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### देश का स्वर्ण भंडार बढ़कर 870 टन पहुंचा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सोने



के महत्व को समझता है। इसीलिए वह 1991 के आर्थिक संकट के बाद सोने का भंडार कई गुणा बढ़ा चुका है और वर्तमान में यह लगभग 870 टन पहुंच गया है। केंद्रीय बैंक 12.5 किलो वजन की सोने की ईंट के रूप में विभिन्न जगहों पर यह स्वर्ण भंडार रखता है। आरबीआई पर बने एक वृत्त चित्र में यह जानकारी दी गयी है। आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को लोगों के सामने लाने के लिए हाल में जारी वृत्तचित्र के जरिये यह भी बताया है कि हमारा देश दुनिया में करेंसी नोट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। जहां अमेरिका में यह लगभग 5,000 करोड़ इकाई, यूरोप में 2,900 करोड़ इकाई है वहीं भारत में यह 13,000 करोड़ इकाई है। यह पहली बार है जब आरबीआई के कार्यों को वृत्तचित्र के रूप में लाया गया है। वृत्त चित्र में दी गयी जानकारी के अनुसार केंद्रीय बैंक 1991 के आर्थिक संकट के बाद सोने का भंडार कई गुणा बढ़ा चुका है और देश में स्वर्ण भंडार के संरक्षक के रूप में लगभग 870 टन सोना काफी सुरक्षित स्थानों पर रखा है। बहुत कम लोगों को ही सोने की तिजोरियों तक पहुंच है। इस सोने को केंद्रीय बैंक 12.5 किलो वजन के स्वर्ण ईंट के रूप में रखा गया है। केंद्रीय बैंक के अधिकारी कहते हैं कि सोना केवल धातु नहीं बल्कि देश की ताकत है। देश बनते रहेंगे, बिगड़ते रहेंगे। अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव होता रहेगा लेकिन सोना हमेशा अपना मूल्य बनाये रहेगा।

# आंकड़े बताते है बुमराह का वर्कलोड सबसे ज्यादा, उन्हें आराम की जरूरत

## भारत एजबेस्टन टेस्ट में वापसी की तलाश में लग सकता है झटका



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेला जाएगा। पहला मैच हारकर यहां पहुंची शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम इंडिया की नजरें जोरदार वापसी पर होंगी। हालांकि यह काम आसान नहीं होने वाला है। एजबेस्टन का यह मैदान भारत के लिए कभी भी शुभ नहीं रहा है। भारत आज तक यहां इंग्लैंड को हराने में नाकाम रहा है और इस बार भी चुनौती कड़ी रहने वाली है। इस मुश्किल में टीम इंडिया को एक और बड़ा झटका लग सकता है। खबर है कि टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दूसरे टेस्ट में आराम दिया जा सकता है। टीम मैनेजमेंट उनके वर्कलोड को लेकर काफी सतर्क है और नहीं चाहता कि वह चोटिल हो जाएं। भले ही पहले और दूसरे टेस्ट के बीच सात दिनों का अंतर है, लेकिन मैनेजमेंट का मानना है कि बुमराह को पूरी तरह से तरोताजा रखना जरूरी है। दरअसल, सीरीज शुरू होने से पहले ही यह साफ कर दिया गया था कि बुमराह सभी पांच टेस्ट मैच नहीं खेलेंगे। योजना के मुताबिक वह पहला और तीसरा टेस्ट जरूर खेलेंगे और फिर सीरीज की स्थिति देखकर चौथे या पांचवें मैच के लिए फैसला करेंगे। पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे का उदाहरण टीम मैनेजमेंट की सोच को सही साबित करता है। तब बुमराह ने सभी पांच टेस्ट मैच खेले थे और इसके बाद उन्हें चोट ने परेशान किया। इस बार टीम कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहती। हालांकि, इस फैसले को लेकर कई दिग्गज और फैंस सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि अगर दो मैचों के बीच सात दिन का ब्रेक है तो क्या वह आराम के लिए काफी नहीं है? यह सवाल भी उठ रहा है कि इतने अहम मौके पर भारत अपने सबसे भरोसेमंद गेंदबाज को कैसे बाहर बैठा सकता है। बुमराह के वर्कलोड पर नजर डालें तो टीम मैनेजमेंट का फैसला समझ आता है। इस समय दुनिया के किसी भी तेज गेंदबाज पर उतना काम का बोझ नहीं है जितना बुमराह पर। 1 जनवरी 2024 से अब तक बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा ओवर फेंके हैं। उन्होंने 410.4 ओवर गेंदबाजी की है और इस दौरान 78 विकेट भी हासिल किए हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क का नंबर आता है, जिन्होंने 362.3 ओवर में 48 विकेट लिए हैं। पैट कमिंस ने 359.1 ओवर में 51 विकेट चटकाए हैं।

भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भी इस दौरान 355.3 ओवर फेंके हैं और 41 विकेट हासिल किए हैं। वास्तव में, बुमराह ने भारत के लिए सभी गेंदबाजों में सबसे ज्यादा ओवर भी फेंके हैं, उनके बाद रवींद्र जडेजा 400.1 ओवर के साथ दूसरे स्थान पर हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि बुमराह भारतीय बॉलिंग अटैक की रीढ़ बने हुए हैं और उनका फिट रहना टीम के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता है। यही वजह है कि टीम मैनेजमेंट उनके वर्कलोड को मैनेज करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। एजबेस्टन टेस्ट में उनकी गैरमौजूदगी भारत के लिए चुनौती जरूर बढ़ाएगी, लेकिन लंबी सीरीज को देखते हुए यह फैसला रणनीतिक माना जा रहा है।

## भारतीय टीम के अयास सत्र में शामिल हुए स्पिनर हरप्रीत

**लंदन ( एजेंसी )।** इंग्लैंड के खिलाफ 2 जुलाई से होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार एजबेस्टन में टीम इंडिया के साथ अभ्यास करते दिखे। भारतीय टीम के पास पहले से ही रविन्द्र जडेजा और कुलदीप यादव जैसे स्पिनर हैं, ऐसे में हरप्रीत के यहां पहुंचने से सभी लोग हैरान रह गये। हरप्रीत भारतीय दल और भारत ए में भी शामिल नहीं थे। उसके बाद भी वह भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में दिखे तो सवाल उठना तया था। वहीं भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर हरप्रीत के भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में पहुंचने का एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें हरप्रीत ने कहा है कि वह नये कप्तान शुभमन गिल के कहने पर टीम इंडिया के अभ्यास सत्र में शामिल हुए। बरार ने कहा कि उनकी पत्नी बर्मिंघम के करीब रहती है। जिसके पास वह पहुंचे थे तभी शुभमन ने उन्हें मैसेज कर अभ्यास के लिए बुलाया।

## यूपीआई से लेनदेन पर मिलेगा तीन फीसदी कैशबैक




### एसिस बैंक सुपरमनी रुपे क्रेडिट कार्ड बनवाने पर मिलेगी सुविधा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में यूपीआई पेमेंट का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। अब आपको यूपीआई पेमेंट करने पर आपको हर लेनदेन पर तीन फीसदी का कैशबैक कमाने का मौका मिल सकता है। इसके लिए आपको एक्सिस बैंक सुपरमनी रुपे क्रेडिट कार्ड बनवाना होगा। इस क्रेडिट कार्ड को यूपीआई ऐप्स से लिंक कर सकते हैं और पड़ोस के छोटे से दुकान पर लगे मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड को स्कैन कर इस कार्ड से पेमेंट कर सकते हैं। यह कार्ड एक्सिस बैंक और फ्लिपकार्ट ग्रुप की फिनटेक कंपनी सुपर मनी का को-ब्रांडेड कार्ड है। इसे हाल ही में लॉन्च किया गया है। यह एक लाइफटाइम फ्री क्रेडिट कार्ड है। इसका मतलब हुआ कि इस कार्ड के लिए आपको कोई जॉइनिंग और एनुअल फीस नहीं देनी होगी। यह कार्ड आपको वर्जुअल के साथ-साथ फिजिकल फॉर्म में भी मिलेगा। सुपरमनी ऐप के जरिए इस कार्ड से किए गए पेमेंट पर आप 3 फीसदी कैशबैक कमा सकते हैं। इस कार्ड के जरिए दूसरे सभी एलिजिबल खर्च पर 1 फीसदी कैशबैक पा सकते हैं। दोनों कैटेगरी मिलाकर आप हर महीने मैक्सिमम 500 रुपये कैशबैक कमा सकते हैं। पेट्रोल पंपों पर 400 रुपये से लेकर 4,000 रुपये फ्यूल खरीद का पेमेंट इस कार्ड से करने पर 1 फीसदी का फ्यूल सरचार्ज नहीं देना होगा। एक बिलिंग साइकिल में मैक्सिमम 400 रुपये फ्यूल सरचार्ज माफ हो सकता है। चूंकि यह क्रेडिट कार्ड रुपे नेटवर्क पर लॉन्च किया गया है तो इस कार्ड को उन सभी ऑनलाइन वेबसाइट और मर्चेंट आउटलेट में इस्तेमाल किया जा सकता है।

## दूसरे टेस्ट में बदलावों के साथ उतरे भारतीय टीम - दीप दासगुप्ता



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने कहा है कि भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बदलावों के साथ उतरना चाहिये। पहले टेस्ट में भारतीय टीम पांच शतक लगाने के बाद भी हार गयी थी। दीप दासगुप्ता के अनुसार भारतीय टीम को एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट के लिए अपनी अंतिम 11 में दो बदलाव करने चाहिये। पूर्व क्रिकेटर दीप का कहना है कि बल्लेबाज साई सुदर्शन को बाहर कर ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी को दूसरे टेस्ट में अवसर दिया जाना चाहिये। वहीं दूसरे बदलाव के तौर पर कुलदीप यादव को शामिल किया जाना चाहिये। सुदर्शन हेडिंग्ले में पहले टेस्ट में डेब्यू करते हुए पहली पारी में शून्य पर ही आउट हो गए जबकि दूसरी पारी में भी वह 30 रन ही बना पाए। इसी को देखते हुए पूर्व विकेटकपर बल्लेबाज का मानना है कि सुदर्शन की जगह नंबर तीन पर करुण नायर को अवसर दें , वहीं नितीश ऑलराउंर होने के कारण बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में भी सहायता कर सकते हैं। उन्होंने कहा, आमतौर पर आप पहले मैच के बाद ज्यादा बदलाव नहीं करना चाहते पर यह भी सोचना होगा कि यह एक बहुत ही युवा टीम है। नया कप्तान है, नई टीम है. इसलिए आपको संयोजन सही करना होगा। करुण ने ज्यादातर रन नंबर 3 पर बनाए हैं। उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए के लिए भी नंबर 3 पर ही बल्लेबाजी की थी। वहीं हेडिंग्ले में शार्दुल ठाकुर को ऑलराउंडर के रूप में रखा गया था पर वह बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में ही असफल रहे थे।




## विश्व एथलेटिस चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने उतरेंगे अविनाश साबले

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय एथलीट अविनाश साबले अब पूरी तरह से फिट हैं और उनकी निगाहें सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित आगामी प्रतियोगिताओं में स्टीपलचेज़ में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।

एशियाई खेलों के स्टीपलचेज़ चैंपियन साबले अभी ऊटी में अभ्यास कर रहे हैं और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के केंद्र में अभ्यास करने में लगे हैं। साबले ने कहा कि मेरे लिए पिछला साल कुछ खास नहीं रहा पर इस इस साल मैं डायमंड लीग में भाग ले रहा हूं। जिसके लिए मेरी तैयारी अच्छी है। मेरा लक्ष्य अपना इससे अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय हासिल करना है। अभी अभ्यास के 15 दिन बचे हुए हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि मैं आठ मिनट के अपने सर्वश्रेष्ठ समय के करीब पहुंच जाउंगा।

साबले साल 2023 में एशियाई खेलों के बाद से ही पिंडली की चोट से परेशान रहे हैं। उन्होंने 2025 के अपने सत्र की शुरुआत जियामेन डायमंड लीग में आठ मिनट 22.59 सेकंड के समय के साथ की और इसके बाद शाओक्सिंग में 8:23.85 सेकंड का समय निकाला। साबले ने मई में साउथ कोरिया के गुमी में एशियाई चैंपियनशिप में 8:20.92 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता था। साबले ने कहा कि इस बार मेरी तैयारियां अच्छी चल रही हैं। मैं सत्र की शुरुआत में चोटिल हो गया था पर इसके बाद भी मैंने चीन में दो डायमंड लीग स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेने से मेरा मनोबल बढ़ा है। जिसका लाभ मुझे मिलने की उम्मीद है।

## विश्व एथलेक्स चैम्पियनशिप में हो सकता है नीरज और अरशद का मुकाबला




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के स्टार एथलीट भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेक्स चैम्पियनशिप में उतरेंगे। यहां इनका मुकाबला पाकिस्तान के अरशद नदीम से हो सकता है। अरशद भी यहां भाग लेने वाले हैं। नीरज आजकल शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पारी करने के बाद पेरिस डायमंड लीग में जीत दर्ज की। साथ ही ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक इवेंट भी वह पहले नंबर पर रहे हालांकि, पेरिस और ओस्ट्रावा में वह 90 मीटर की दूरी तय नहीं कर पाए। अब नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता में खेलते हुए दिखेंगे। नीरज दोहा में और फिर ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता में जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं पेरिस और ओस्ट्रावा में पहला स्थान हासिल किया। हालांकि, इन चारों टूर्नामेंट में पाकिस्तान के नदीम नहीं थे। नदीम ने इस सत्र में ज्यादा प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लिया है वह फिलहाल पाकिस्तान में ट्रेनिंग में ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने पिछले एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लिया था जिसमें नीरज नहीं खेले थे। नदीम ने वहां 86.40 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। नदीम ने कहा है कि उनका पूरा ध्यान विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप पर है। उन्होंने लाहौर में एक कार्यक्रम में कहा कि मेरा ध्यान विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप पर है और मैं इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। वह जल्द ही अभ्यास के लिए इंग्लैंड जा जा रहे हैं जहां एक माह अभ्यास करेंगे।




## शास्त्री बोले डब्लयूटीसी अब अहमदाबाद में होना चाहिये - शास्त्री

**मुम्बई ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि अगला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 (डब्लयूटीसी) फाइनल भारत के अहमदाबाद में होना चाहिये। शास्त्री के अनुसार इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के लिए इंग्लैंड एक आदर्श स्थल है पर मेरा मानना है कि अब जब ये विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो गया है तो इसका आयोजन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बड़े स्टेडियमों में भी किया जा सकता है। शास्त्री के अुनसार इंग्लैंड ने तीन बार इस टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी कर ली है। पहला डब्लयूटीसी फाइनल साउथेम्प्टन के रोज बाउल में आयोजित किया गया था, जिसमें न्यूजीलैंड ने भारत को हराया था। इसके बाद के दूसरा फाइनल ओवल में हुआ जहां ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर चैंपियन बना। वहीं तीसरा फाइनल लॉर्ड्स के मैदान पर हुआ जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराया। शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि शुरुआत में इसका लॉर्ड्स में आयोजन अच्छा है पर लोकप्रियता और प्रशंसा मिलने के बाद इसे अन्य जगहों पर भी आयोजित किया जा सकता है। मुझे लगता है कि इसके फाइनल के लिए अहमदाबाद स्टेडियम भी अच्छा रहेगा। उन्होंने साथ ही कहा, मूल रूप से, ऐसी जगहें जहां आप भीड़ खींच सकते हैं डब्लयूटीसी फाइनल के लिए अच्छी है लॉर्ड्स 100,000 सीटों वाला स्टेडियम नहीं है। इसलिए चाहे कोई भी टीम खेल रही हो, आपको पता है कि आपको अच्छी भीड़ मिलेगी, इसलिए स्टेडियम बदलना ठीक रहेगा। गौरतलब है कि साल 2031 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल तक की मेजबानी इंग्लैंड के पास है, वहीं भारतीय बोर्ड ने 2027 फाइनल के लिए बोली लगाई थी पर उसे ये नहीं मिली।



## लग्जरी बिजनेस क्लास एडिशन में बदला टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस को




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस को ऑटोराउंडर्स कंपनी ने एक लग्जरी बिजनेस क्लास एडिशन में तब्दील कर दिया है। कंपनी ने न केवल इस एमपीवी के इंटीरियर को पूरी तरह से नया रूप दिया है, बल्कि इसके एक्सटीरियर में भी कई बदलाव किए हैं। इस वजह से यह गाड़ी अब आम एमपीवी न लगकर किसी हाई-एंड लग्जरी कार जैसी दिखाई देती है। यह कस्टमाइजेशन इनोवा जैसे पारिवारिक वाहन को प्रीमियम लुक और फील देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। ऑटोराउंडर्स पहले भी बीएमडब्ल्यू, ऑडी, मर्सिडीज, पोर्श और बेंटले जैसी ब्रांड्स की कारों को कस्टमाइज कर चुकी है। इस बिजनेस क्लास एडिशन में स्टैंडर्ड सीट्स को हटा कर हाई-कम्फर्ट कैप्टन सीट्स लगाई गई हैं, जिनमें 150-डिग्री रिक्लाइनिंग, मसाजर, वेंटिलेशन, हीटिंग, काफ सपोर्ट, यूएसबी चार्जिंग और फोन होल्डर जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इन सीटों को फर्स्ट-क्लास एयरलाइन सीट्स की तरह डिजाइन किया गया है। गाड़ी की छत पर रोल्स रॉयस से प्रेरित गैलेक्सी स्टार लाइट्स लगाई गई हैं जो इसे खास बनाती हैं। वहीं, स्काई रूफ, एंबिएंट लाइटिंग और कार्बन फाइबर फिनिश वाला स्टीयरिंग भी इस लक्जरी टच को और निखारता है। एक्सटीरियर में मेबैक-स्टाइल ग्रिल, नए प्रोजेक्टर हेडलैम्प्स, कनेक्टेड एलईडी टेल लाइट्स और कलर-कोटेड अलॉय व्हील्स जोड़े गए हैं।

## विदेश में ऋषभ पंत के शतक वाले ज्यादातर मैचों में भारत हारा




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टीम इंडिया के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ऋषभ पंत ने विदेशी जमीन पर टेस्ट क्रिकेट में अब तक 6 शानदार शतक जड़े हैं, लेकिन यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक अनोखा और कुछ हद तक निराशाजनक संयोग भी रहा है कि जिन 5 टेस्ट मैचों में उन्होंने ये सेंचुरी लगाई, उनमें से एक में भी भारत को जीत नसीब नहीं हुई। पंत के विदेशी शतकों में भारत को चार बार हार झेलनी पड़ी और एक मुकाबला ड्रॉ रहा। उनका यह सिलसिला इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट से शुरू होता है और अब तक जारी है। पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज के दौरान हेडिंग्ले के मैदान पर पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन की दो जबरदस्त पारियां खेलीं। लगा कि यह मैच भारत के पक्ष में जाएगा, मगर भारत 5 विकेट से हार गया। इसके बाद भी पंत का शानदार प्रदर्शन जारी रहा, लेकिन नतीजे भारत के पक्ष में नहीं जा सके।

साल 2018 में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ केनिंगटन ओवल में अपने करियर का पहला टेस्ट शतक जमाया था। उन्होंने 114 रन बनाए थे, पर भारत वह मैच भी हार गया। 2019 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सिडनी टेस्ट में उन्होंने 159 रन की नाबाद पारी खेली। उस समय उनकी बल्लेबाज़ी ने टीम इंडिया को मजबूत स्थिति में पहुंचाया, लेकिन मैच का नतीजा नहीं निकल सका और मुकाबला ड्रॉ रहा। 2022 में पंत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केप टाउन के न्यूलैंड्स टेस्ट में 100 रन की नाबाद पारी खेली थी। इसके बावजूद भारत को हार का सामना करना पड़ा। इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ एजबस्टन में पंत ने 146 रन की शानदार पारी खेली। यह पारी उस मुश्किल समय में आई जब भारत संकट में था। उन्होंने टीम को संभाला, लेकिन इसके बावजूद भारत मैच हार गया। इस तरह ऋषभ पंत ने विदेशी सरजमीं पर पांच टेस्ट में छह शतक लगाए हैं, मगर इनमें से भारत को एक भी जीत नसीब नहीं हुई। फैंस और विशेषज्ञ दोनों ही मानते हैं कि पंत का विदेशी पिचों पर यह आक्रामक और भरोसेमंद अंदाज भारतीय टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहद जरूरी है। अब सभी की नजरें इस बात पर हैं कि क्या आने वाले इंग्लैंड दौरे में यह संयोग टूटेगा और पंत की शतकीय पारी भारत को जीत दिला पाएगी। भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद है कि ऋषभ पंत का यह दुर्भाग्यपूर्ण आंकड़ा जल्द ही बदल जाएगा और उनकी शतकीय पारियां भविष्य में भारत की जीत की गारंटी बनेंगी।

### भारतीय टीम ने टी20 विश्वकप जीत के एक साल पूरा होने पर केक काटकर जश्न मनाया

**लंदन ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप 2024 की जीत के एक साल पूरे होने पर रविवार को यहां एक पार्टी आयोजित की। इसमें केक काटकर जश्न मनाया गया। इस दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने मजाकिया अंदाज में ऑलराउडर रवींद्र जडेजा की खिंचाई करने का प्रयास किया पर उन्हें करारा जवाब मिला। जडेजा ने कहा कि वह अभी एक फॉर्मेट से रिटायर हुए हैं। टी20 विश्व कप जीतने के बाद जडेजा ने क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारुप से संन्यास ले लिया था।

# रीवा से सीधी जा रही तेज रफ्तार बस अमिलिया में पलटी, हादसे में 34 यात्री घायल, छह गंभीर



मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)। सीधी जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर करीब 1 बजे एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसके कारण 40 यात्रियों में से 34 घायल हो गए। इनमें 6 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना रीवा से अमिलिया जा रही गहरवार बस के साथ एक स्कूल के पास मोड़ पर हुई। तेज रफ्तार और अचानक मोड़ के कारण बस अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना मिलते ही अमिलिया थाना प्रभारी राकेश बेस पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचे।

बस के नीचे दबे 4 यात्रियों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सुरक्षित निकाला गया। प्रशासन ने तुरंत 10 एंबुलेंस भेजकर सभी घायलों को अमिलिया और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी के अनुसार, हादसे का कारण तेज रफ्तार और सड़क का अचानक मोड़ है। पुलिस ने बस चालक से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले में केस दर्ज कर लिया है। स्थानीय लोगों ने भी घायलों की मदद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सतना में बस पलटने से 12 यात्री घायल

सतना में सोमवार सुबह सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर पोड़ी गांव के पास बस पलटने से 12 यात्री घायल हो गए। सभी यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सामने से आ रहे एक चार पहिया वाहन को बचाने की कोशिश में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ, जब बस बिरसिंहपुर से सतना की ओर जा रही थी। सूचना मिलते ही कोठी थाना पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुँचे। पुलिस और राहगीरों ने मिलकर बस में फँसे यात्रियों को खिड़कियों के रास्ते सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों को तत्काल कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया। घटना की जानकारी मिलने पर राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने स्वास्थ्य केंद्र पहुँचकर घायलों का हाल जाना और उनके उपचार का जायजा लिया। पुलिस ने हादसे की जाँच शुरू कर दी है।



## बस की टक्कर से स्कूटी सवार ट्रक के नीचे आया, मौके पर मौत

### ट्रक जब्त, ड्राइवर फरार, सीसीटीवी फुटेज से बस की तलाश जारी



मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)। सतना के कोलगवां थाना क्षेत्र के गहरा नाला के पास डिग्री कॉलेज के सामने सोमवार शाम करीब साढ़े 6 बजे सड़क हादसे में एक्टिवा सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान शेख जौहर (45) के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शेख जौहर एक्टिवा से ट्रांसपोर्ट नगर स्थित अपनी दुकान जा रहे थे। उसी समय रीवा की ओर जा रही एक बस ने ट्रक को ओवरटेक करते वक्त उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद शेख जौहर सड़क पर गिर गए और पीछे से आ रहे ट्रक के नीचे आ गए। ट्रक का अगला पहिया उनके ऊपर से गुजर गया।

हादसे में शेख जौहर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर कोलगवां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

हादसे के बाद अज्ञात बस की तलाश के लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि बस और उसके चालक की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

## एएनएम के घर पर पेट्रोल बम से हमला, कार जलकर खाक



### बेटे की रंजिश को माना जा रहा कारण

मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)। सतना जिले के नागौद कस्बे में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात एक सरकारी आवास पर पेट्रोल बम से हमला किया गया। यह हमला अस्पताल चौराहा स्थित एएनएम रमा गौतम के आवास पर हुआ। घटना करीब 3.05 बजे की है।

हमले में घर के बाहर खड़ी कार में आग लग गई। तेज धमाके की आवाज सुनकर घर में रह रहीं रमा गौतम और उनके बेटे उज्जवल की नींद खुल गई। दहशत के चलते वे बाहर नहीं निकले और तुरंत नागौद थाना प्रभारी अशोक पांडेय को फोन कर सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। जांच में सामने आया है कि कुछ दिन पहले उज्जवल गौतम का कार्तिकेय सिंह नामक युवक से विवाद हुआ था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते कार्तिकेय ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पेट्रोल बम फेंका और फरार हो गया।

पुलिस ने इलाके में लगे कैमरों की फुटेज खंगाली है। वीडियो में तीन नकाबपोश युवक भागते नजर आए हैं। पुलिस ने रमा गौतम की शिकायत के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## रीवा के क्योंटी जलप्रपात में डूबने से एयर फोर्स जवान की मौत

मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)। रीवा के प्रसिद्ध क्योटी जलप्रपात में एक दुखद घटना सामने आई है, जहाँ पिकनिक मनाने आए भारतीय वायुसेना के एक जवान की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक जवान की पहचान राजस्थान निवासी बृजेंद्र यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बृजेंद्र यादव अपने साथियों के साथ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से पिकनिक मनाने के लिए क्योटी जलप्रपात आए थे। नहाते समय वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और SDRF की टीम मौके पर पहुँची। रविवार की देर शाम शुरू हुए बचाव कार्यों में कोई सफलता नहीं मिली, लेकिन सोमवार सुबह एनडीआरएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद जवान के शव को जलप्रपात से बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। इस बीच, वायुसेना के अधिकारियों ने सिरमौर पहुँचकर जवान के परिजनों को घटना की जानकारी दी है। पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है।

## रीवा में अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)। रीवा जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। सोमवार को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने क्योंटी रोड के पास दबिश देकर रेशू सिंह को पकड़ा। आरोपी के पास से 9.30 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई, जिसकी बाजार कीमत करीब 25 हजार रुपये आँकी गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जांच में पता चला कि रेशू सिंह एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, रीवा के ग्रामीण क्षेत्रों में ब्राउन शुगर की तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है, और इस नशे का स्रोत पता लगाना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। पुलिस ने मामले की गहन जाँच शुरू कर दी है।

## सब इंस्पेक्टर के सूने घर में चोरी, लाखों के जेवरात और नकदी पार

मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)। रीवा के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कुठुलिया मोहल्ले में सब इंस्पेक्टर नागेंद्र द्विवेदी के सूने घर में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर 4 लाख रुपये से अधिक की चोरी की। चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात, 35 हजार रुपये नकद, और 8 से 10 जोड़ी नए कपड़ों से भरा एक सूटकेस चुरा लिया। पीड़ित ने बताया कि वे परिवार सहित अपने गाँव मुकुंदपुर में कुलदेवता की पूजा के लिए गए थे। रविवार को लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने पूरे घर की तलाशी ली और एक सूटकेस सहित सोने की चार अंगूठियाँ, एक जोड़ी झुमके, एक लंबा हार, और अन्य जेवरात चुरा लिए। यह सामान उनकी बेटी की शादी के लिए खरीदा गया था। बिछिया थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जाँच की जा रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि पुलिस सक्रियता दिखाए तो चोरी का खुलासा हो सकता है।

### कलेक्टर टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की

# सीएम हेल्पलाइन में विभाग की रैंकिंग खराब तो होगी कार्यवाही

मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में अभी भी कई विभाग खराब रैंकिंग में हैं। जो विभाग प्रदेश में टॉप 20 में शामिल नहीं हो पाएंगे उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारी सात दिवस में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराकर रैंकिंग में सुधार करें। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। ऊर्जा विभाग, पीएचई विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग रैंकिंग में सुधार के लिए विशेष प्रयास करें।



बैठक में कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम अपने अनुभाग में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। सभी एसडीएम तथा अन्य अधिकारी भारी वर्षा और बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखें। राहत और बचाव कार्य के लिए आवश्यक संसाधनों की तत्काल व्यवस्था कर लें। नगरीय क्षेत्रों में भारी वर्षा में जल भराव होने पर पानी की निकासी की तत्काल व्यवस्था कराएं। प्राकृतिक आपदा के संबंध में सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान करें। तहसील स्तरीय कंट्रोल रूम तथा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारी तैनात रखें। जिला आपूर्ति प्रबंधक उचित मूल्य दुकानों से हितग्राहियों को तीन माह का खाद्यान्न वितरित कराने के साथ-साथ ई केवाईसी



अपडेट कराएं। विषमतामूलक परिवारों और अपात्र हितग्राहियों के नाम राशन मित्र पोर्टल से पृथक करने की कार्यवाही भी करें।

कलेक्टर ने कहा कि गेंहू उपार्जन के एक-दो प्रकरणों में अभी भुगतान नहीं हुआ है। महाप्रबंधक सहकारी बैंक तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम शेष किसानों का तीन दिवस में भुगतान कराएं। अपर कलेक्टर खाद्य विभाग, मापतौल तथा अन्य अधिकारियों की टीम बनाकर सभी पेट्रोल पंपों में पेट्रोल और डीजल की गुणवत्ता की जाँच कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। पेट्रोल पंप में किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करें। सहकारी समितियों तथा मार्फेड के केन्द्रों में किसानों को खाद का व्यवस्थित वितरण कराएं। खाद की रैक लगातार प्राप्त हो रही है। सभी अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय तथा मुख्य सचिव कार्यालय से प्राप्त पत्रों का तत्काल प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करें। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग तथा अन्य अधिकारी जलमग्न होने वाले पुलिया एवं पुलों में संकेतक लगाने तथा बाढ़ की स्थिति में आवागमन रोकने की समुचित व्यवस्था करें।

बैठक में खाद-बीज की आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, वर्षाजनित रोगों से बचाव तथा स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, सभी एसडीएम तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने पर यात्री गिरकर घायल



### दादर-वाराणसी ट्रेन से पानी लेने उतरा था, पैर फिसला; जबलपुर रेफर

मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)। मैहर रेलवे स्टेशन पर सोमवार शाम एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में ट्रैक पर गिर गया। हादसा शाम 5.30 बजे के आसपास प्लेटफॉर्म नंबर एक पर हुआ।

दादर से वाराणसी जा रहे 45 वर्षीय प्यारे लाल कनौजिया पानी लेने के लिए ट्रेन से उतरे थे। इस दौरान ट्रेन चल दी। वे चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे ट्रैक पर गिर गए।

जीआरपी और आरपीएफ पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घायल यात्री को एंबुलेंस की मदद से मैहर सिविल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जबलपुर रेफर कर दिया गया। हादसे के समय प्यारे लाल के साथ उनका परिवार भी ट्रेन में मौजूद था।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर में नालों और सड़कों की सफाई



मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)। स्वच्छ भारत मिशन शहरी थीम और वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नगर निगम रीवा द्वारा निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर नाला गैंग ने शहर में नालों और सड़कों की सफाई का अभियान चलाया। 30 जून को वार्ड 5 हरिजन बस्ती, वार्ड 43 विंध्यबिहार से शांति बिहार, वार्ड 39 बीहर कॉम्प्लेक्स, और वार्ड 6 शाहीद मिस्त्री गैरिज से विंध्य अस्पताल तक के बड़े नालों की सफाई की गई। इसके अतिरिक्त, छोटी पुल से सॉची दूध डेयरी, सुभाष तिराहा से जनता कॉलेज मोड़, समान नाका से जे.एन. सिटी चौराहा, कलेक्ट्रेट परिसर, सिविल लाइन और फ्लाईओवर की सड़कों व डिवाइडर की सफाई कर कचरे का उठाव ट्रैक्टर और टैंपो से किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी ने शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य और कचरा उठाव का निरीक्षण किया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर रानी तालाब में किया गया वृहद पौधारोपण




मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)। नगर निगम रीवा द्वारा जनसहभागिता के साथ रानी तालाब परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' और अमृत हरित अभियान के तहत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 30 मार्च से 30 जून तक चले जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह के अंतर्गत इस कार्यक्रम में वार्ड पार्षदों, नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं, सामाजिक संगठनों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 200 छायादार और फलदार पौधे, जैसे अमरूद, आम और आँवला, लगाए गए। उपस्थित लोगों से अपील की गई कि इन पौधों की नियमित देखभाल हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित पर्यावरण मिल सके। साथ ही, जल संचयन, स्वच्छता, वर्षा जल संरक्षण और जल स्रोतों की सफाई के प्रति नागरिकों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पार्षद दीनानाथ वर्मा, संजय खान, मनीष नामदेव, समीर शुक्ला, अंबुज रजक, उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, एच.के. त्रिपाठी, सहायक यंत्री पी.एन. शुक्ला, अभिनव चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार सहित अन्य अधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे।

## मऊगंज में खदान में डूबे युवक का शव निकाला, दो दिन से लापता था



मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)। मऊगंज के हनुमना थाना क्षेत्र में डीपी होटल के पास स्थित पत्थर खदान से एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक गहरबरा गांव का रहने वाला 18 साल का सोनू रत्नाकर है। सोनू शनिवार शाम 6 बजे घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। परिजन ने उसकी तलाश की और पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। रात करीब 1.30 बजे परिजन डीपी होटल के पास पहुंचे। वहां खदान के किनारे एक जोड़ी जूते, गमछा और आसमानी रंग की टोपी मिली। परिजन ने इन कपड़ों से सोनू की पहचान कर पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।सोमवार को त्योथर से एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई। टीम ने लगभग 4 घंटे की सर्चिंग के बाद खदान में भरे पानी से शव को बाहर निकाला। मृतक के पिता रमेश रत्नाकर ने बताया कि उन्होंने खुद अपने बेटे का सामान पहचाना था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। शाम 5 बजे शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683 प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।